आधुनिक राजस्थानी

का

संरचनात्मक व्याकरण

काली चरण बहल
शिकागो विश्वविद्यालय

भाषा अन्वेषण सहायक

डा. सोहनदान चारण
जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर

श्री नारायणसिंह साधू
राजस्थान संगीत नाटक अकेडेमी, जोधपुर

राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी, जोधपुर
(जोधपुर विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त शोध केन्द्र)

प्रकाशक
चौपासनी शिक्षा समिति द्वारा संस्थापित
राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी
जोधपुर

मूल्य २५ रुपये

सन १९८०

मुद्रक
एम० एल० प्रिन्टर्स
जोधपुर, राजस्थान (भारत)

A STRUCTURAL GRAMMAR

OF

MODERN RAJASTHANI

KALI CHARAN BAHL
The University of Chicago

Research Assistants

Dr SOHAN DAN CHARAN
Jodhpur University, Jodhpur

Sh NARAYAN SINGH SANDHU
Rajasthan Sangeet Natak Academy, Jodhpur

Rajasthani Shodh Sansthan, Chopasni, Jodhpur
Research Centre Recognised by University of Jodhpur Jodhpur (India)

Publishers
Rajasthani Research Institute
Chopasni Jodhpur
Established by the Chopasni Shiksha Samiti

Price Rupees 25

1980

Printed at
M L Printers
Jodhpur Rajasthan (India)

निदेशकीय

राजस्थानी भाषा के बृहत् शब्द कोश के प्रकाशन के साथ हमारी यह इच्छा थी कि इस भाषा का सांगोपांग व्याकरण भी प्रकाशित किया जाना चाहिए। संयोग से गत वर्ष ही बृहत् राजस्थानी शब्द कोश का प्रकाशन कार्य सम्पूर्ण हुआ और इसी वर्ष हमने डा. कालीचरण बहल द्वारा रचित 'आधुनिक राजस्थानी का संरचनात्मक व्याकरण' प्रकाशित करने का विचार किया। राजस्थानी भाषा के व्याकरण लिखने के प्रयास पहले भी होते रहे हैं और उन सब का अध्ययन कर डा. बहल ने एक भाषण सन् १९७२ में संस्थान में दिया था जिससे उन प्रयासों की विशेषताओं और कमियों की ओर इंगित किया गया था।

डा. बहल ने राजस्थानी व्याकरण के अध्ययन का कार्य शिकागो विश्वविद्यालय के तत्वावधान में यहां सन् ७०-७१ में प्रारंभ किया था, और लगभग एक दशक के परिश्रम के फलस्वरूप यह संरचनात्मक व्याकरण इन्होंने प्रस्तुत किया है। इन्होंने मूल कार्य अंग्रेजी के माध्यम से किया था परन्तु हमारे अनुरोध पर उस सामग्री का प्रयोग करते हुए दुबारा उसे हिन्दी में लिखा है, इससे भाषा विज्ञान के विद्यार्थियों के लिये यह और अधिक उपयोगी बन गया है। वैसे यह राजस्थानी का संरचनात्मक व्याकरण है परन्तु विषय को ऐसे पारम्परिक ढांचे में प्रस्तुत किया गया है कि उसे समझने में बड़ी सहूलियत होती है। इस व्याकरण का अध्ययन करने पर ही इसकी विशेषताओं पर विद्वान विचार कर सकेंगे परन्तु भाषा की अभिव्यंजक संरचना तथा अभिव्यंजक संरचना का जो पार्थक्य इसमें दिखलाया गया है वह भारतीय भाषाओं की व्याकरण परम्परा में अपनी किस्म का सर्वप्रथम प्रयास कहा जा सकता है। पूरे व्याकरण के अध्ययन के पश्चात इस सशक्त भाषा की जो अभिव्यक्तिगत खूबियां हैं उन पर विचार करने के लिये विद्वान प्रेरित होंगे।

हम आशा करते हैं कि इस भाषा के रूपान्तरों की व्याकरणिक विशेषताओं के विषय में किये गये अपने प्रयास को डा. बहल और आगे बढ़ायेंगे।

नारायणसिंह भाटी
निदेशक
राजस्थानी शोध संस्थान
चौपासनी, जोधपुर

भूमिका

आधुनिक राजस्थानी (= आ० राजस्थानी) व्याकरण पर लेखक का कार्य अमरिकन इन्स्टीच्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज द्वारा प्रदत्त शोधवृत्ति से सन् १९७०-७१ में प्रारम्भ हुआ। यह शोधवृत्ति स्मिथसोनियन इन्स्टीच्यूशन, वाशिंगटन डी सी से प्राप्त अनुदान पर आधारित थी। आ० राजस्थानी से लेखक का अभिप्राय भाषा के उस परिनिष्ठित रूप से है जो कि सामान्यत जोधपुर और बीकानेर मे प्रचलित है। इस शोधकार्य के प्रारम्भिक परिणामो का प्रकाशन लेखक के "आधुनिक राजस्थानी व्याकरण की वर्तमान अवस्था" शीर्षक निबन्ध द्वारा हुआ था। यह निबन्ध राजस्थानी शोध सस्थान, चौपासनी द्वारा सन् १९७२ मे प्रकाशित हुआ था। प्रारम्भ मे लेखक इस उद्देश्य को लकर चला कि आ० राजस्थानी का व्याकरण अग्रेजी मे ही लिखा जाकर प्रकाशित हो। इस उद्देश्य के आधार पर लेखक ने इस भाषा के व्याकरण की रचना की, किन्तु वह व्याकरण अंग्रेजी म लिखा होने और आकार म बडा होने के कारण राजस्थान मे प्रकाशित करना अनुपयुक्त था।

अंग्रेजी मे आ० राजस्थानी व्याकरण लेखन के कार्य मे लगा हुआ परिश्रम और समय व्यर्थ नही गया। लेखक ने इस अवसर का उपयोग भाषा की व्याकरणिक अर्थतात्विक सरचना को अधिक गहराई मे समझने के लिए किया। इस प्रयास द्वारा उसे भारतीय आर्य परिवार की अन्य भाषाओ की सरचनात्मक विशेषताओ के विषय मे बहुत कुछ सीखने का सुयोग भी मिला। इसी बीच मे आ० राजस्थानी पर कार्य करने क सुअवसर से प्राप्त अनुभव का प्रयोग लेखक ने आधुनिक हिन्दी भाषा के वृहत् व्याकरण को तैयार करने मे किया, और उस व्याकरण को हिन्दी मे लिखा। इस प्रकार आ०राजस्थानी और आधुनिक हिन्दी व्याकरणो की रचना करने के इस द्विविध सयोग से प्राप्त परिणामो मे प्रेरणा लेकर लेखक आ० राजस्थानी के सरचनात्मक व्याकरण की हिन्दी मे ही सागोपाग रूप से पुनर्रचना के कार्य मे लग गया। व्याकरण के पुनर्लेखन मे इस बात का ध्यान भी रखा गया है कि पुस्तक का आकार और रूप ऐसा हो कि उसे प्रकाशित करने मे किसी प्रकार की असुविधा की सभावना कम-से-कम हो। इस प्रकार आ० राजस्थानी का सरचनात्मक व्याकरण अपने प्रस्तुत रूप मे अपने पूर्व-वर्णित रूप पर आधारित तो है, किन्तु पूर्णतया फिर से लिखा गया है। साथ ही साथ इसमे पूर्ववर्णित द्विविध प्रयास म प्राप्त परिणामो और अनुभवो का भी समावेश है।

प्रस्तुत व्याकरण की मुख्य विशेषता यह है कि इसमे आ० राजस्थानी की व्याकरणिक-अर्थतात्विक सरचना का विवरण इस प्रकार से किया गया है जिसमे भाषा-विज्ञान से सुपरिचित जिज्ञासु का भी परितोष हो और साथ ही साथ सामान्य रूप मे भाषा सीखने के उद्देश्य से इसका प्रयोग करने वाले को आधुनिक भाषा-विज्ञान की विशिष्टीकृत पारिभाषिक शब्दावली तथा इसी प्रकार के अन्य विवरणो का भार वहन न करना पड़े। इस प्रकार इस व्याकरण मे सरचनात्मक और "पारम्परिक" व्याकरणो की विवरण विधियो का समुचित सयोग है। इस व्याकरण की अन्य मुख्य देन है इसमे भाषा की अभिसनक और अभिव्यजक

संरचनाओं के पार्थक्य की स्थापना। दक्षिण-एशियाई भाषाओं की व्याकरण परम्परा में किसी भी भाषा के सांगोपांग व्याकरणिक-अर्थतात्विक विवरण में उपर्युक्त स्थापना को यथायोग्य स्थान देने का यह सर्वप्रथम प्रयत्न है।

प्रस्तुत व्याकरण के एक पूर्व रूप में आ० राजस्थानी के प्रादेशिक रूपान्तरों (अथवा बोलियों) का विवरण एक अध्याय में किया गया था। बाद में यह निर्णय किया गया कि इस विवरण को व्यवस्थित रूप से कहीं अन्य प्रकाशित किया जाय। किन्तु यहाँ मात्र यह कह देना पर्याप्त होगा कि आ० राजस्थानी के प्रादेशिक रूपान्तरों पर लेखक द्वारा किए कार्य से यह प्रतीत होता है कि भाषा के प्रादेशिक रूपान्तर नागौर जिले की ओर अपने केन्द्रीय अथवा साम्य स्थल के रूप में इंगित कर रहे हैं।

भाषा की स्वनिमिक संरचना का विवरण, यद्यपि मथानिया और बाम्दा की बोलियों पर आधारित है, तो भी यह विवरण जोधपुर और बीकानेर में प्रचलित रूपान्तरों तथा अन्य रूपान्तरों (जिनका अध्ययन लेखक ने किया है) पर भी लागू होता है। व्याकरण के अन्य अध्यायों में आ० राजस्थानी के गद्य-लेखकों के ग्रंथों का उपयोग किया गया है। इन ग्रंथों के उद्धरण जिन्हें उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत किया गया है, भाषा के लिखित रूप पर आधारित हैं। साथ ही यह भी प्रयत्न किया गया है कि उदाहरणों में कम से-कम परिवर्तन करना पड़े। इस पुस्तक में दिये गये उदाहरणों के चयन में लेखक का मात्र उद्देश्य यही रहा है कि वे यथासम्भव सरल हों और स्पष्ट रूप से समझ में आने योग्य।

इस कार्य के लिए लेखक अपने अन्वेषण सहायकों, मित्रों, शुभेच्छुओं तथा आ० राजस्थानी के गद्य-लेखकों का आभारी है।

लेखक डा० नारायणसिंह भाटी, निदेशक, राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी के प्रति आभार प्रदर्शन करता है। उन्होंने पुस्तक को हिन्दी में प्रकाशित करने की स्वीकृति देकर, पुस्तक लेखन में यथेष्ट प्रेरणा प्रदान की है। श्री जगदीश ललवानी, एम एल प्रिन्टर्स ने व्याकरण की सुन्दर छपाई आदि के कार्य में विशेष सहयोग दिया है। श्री मुरली मनोहर माथुर ने भी इस कार्य में बहुत सहायता की है।

कालीचरण बहल
शिकागो विश्वविद्यालय

PREFACE

The work for the preparation of a grammar of modern Rajasthani, based on the standard form of the language current in Jodhpur and Bikaner, was begun in the year 1970 71 under a fellowship granted to the author by the American Institute of Indian Studies and funded by the Smithsonian Institution, Washington, D C Preliminary results of this research work were reported in 1972 in a monograph entitled *On the present state of modern Rajasthani grammar* published by the Rajasthani Research Institute Chopasni, district Jodhpur It was the aim of the author to prepare and publish a structural description of the language written in English This endeavor led to the preparation of a pre final draft of the work which, because of its being written in English and its size, was unsuitable for publication in Rajasthan

However, this endeavor was not entirely fruitless It gave the author an opportunity to dig deeper into the grammatico-semantic structure of modern Rajasthani and learn a great deal more about the structural properties of other modern Indo-Aryan languages as well Equipped with the experience gained in working on Rajasthani, the author had an opportunity to prepare an extensive treatment of modern standard Hindi written in Hindi Encouraged by the results achieved thus far prompted the author to re undertake the work on the preparation of Ādhunika Rājasthānī kā samracanātmaka vyākarana *(A structural grammar of modern Rajasthani)* in Hindi and in a size that should not be too difficult to publish The present grammar is thus a completely rewritten version of the earlier work and also incotporates the results and experience gained in the two fold endeavor, i e, writing the English version of a grammar of Rajasthani as well as preparing a grammar of Hindi

The major contribution of the work in its present from lies in its ability to present the facts of the grammatico-semantic structure of modern Rajasthani in a form which is equally accessible to one well versed in modern linguistics as well as to one who is interested in learning the language without being burdened with the highly specialized terminology of modern linguistics and other similar details It is thus a blend of the formats of structural as well as traditional grammars The other contribution of this work involves an explicit recognition of the

distinction between the expressive and cognitive structures of modern Rajasthani a matter which was received the attention it deserves in a full scale study of the grammatico semantic structure of a modern South Asian language for the first time

An earlier Hindi version of the work also included a chapter on pronominal and verbal forms of regional variants (or dialects as the term is used by Sir George Grierson in his *Linguistic Survey of India*) assembled from almost all the districts of Rajasthan Later it was decided to publish that information in a more systematic form elsewhere It is however necessary to make one observation about the work done so far by the author on regional variants of modern Rajasthani and i e the data so far gathered seems to point in the direction of Nagore district as a central or focal area

Phonological description of the language as contained in chapter one though based on the Mathaniya and Borunda dialects applies equally to the forms of the language spoken in other areas of Jodhpur and Bikaner, as well as to other dialects tested by the author The rest of the description utilizes the works of the prose writers of modern Rajasthani and reproduces excerpts from their texts as examples of various phenomena in the written form of the language (as contained in those works) with minimal modification The examples of written Rajasthani, as they appear in the text of this grammar are thus chosen on the basis of their simplicity and clarity of understanding

The author is grateful to his assistants many other friends and well wishers as well as the authors of modern Rajasthani prose

I am also grateful to Dr Narain Singh Bhati Director, Rajasthani Research Institute Chopasni, district Jodhpur who encouraged the writing of this book in Hindi by agreeing to publish it, and to Shri Jagdish Lalwani of M L Printers who took enormous personal care in the printing of the text Shri Murli Manohar Mathur also rendered considerable assistance in this work

Kali Charan Bahl
The University of Chicago

अनुक्रम

१. स्वन प्रक्रिया तथा लिपि

१ १. आ राजस्थानी का स्वनप्रक्रियात्मक विवरण भाषा के शब्दों को तद्विषयक बृहत्तम खड मानकर प्रस्तुत किया जा रहा है।

१ २ भाषा के स्वनप्रक्रियात्मक एकको की तालिका नीचे प्रस्तुत की जा रही है।

१ २ १ व्यंजन

व्यंजन कोटि	उभयोष्ठ्य	जिह्वान्त-दन्त्य	जिह्वान्त-मूर्धन्य	जिह्वोपाग्रीय तालव्य	पश्चजिह्वा-कठ्य
स्पर्श					
अघोष अल्पप्राण	प्	त्	ट्	च्	क्
अघोष महाप्राण	फ्	थ्	ठ्	छ्	ख्
घोष श्वास-द्वारीय रजित	ब्	द्	ड्	ज्	ग्
घोष महाप्राण	भ्	ध्	ढ्	झ्	घ्
घोष अल्पप्राण	ब़्	द़्	ड़्		
नासिक्य	म्	न्	ण		ङ्
उत्क्षिप्त		र्	ड़्		
पार्श्विक		ल्	ळ		
उत्क्षिप्त					
अघोष		स्			स़्
घोष	व्	ज़्		य्	ह़्

१२२ स्वर

	अग्र		मध्य		पश्च	
	दीर्घ	ह्रस्व	दीर्घ	ह्रस्व	दीर्घ	ह्रस्व
उच्च	ई	इ			ऊ	उ
मध्य	अॆ			अ	ओ	
निम्न	अॅ		आ		औ	

१२३ अधिखण्डात्मक

नासिक्यता

स्वराघात निरपक्ष-

आरोही- / (इस चिह्न का प्रयोग अक्षर के बाद किया गया है।)

१२४ उपरिलिखित स्वनप्रक्रियात्मक एककों के पारस्परिक पार्थक्य का निदर्शन करने के लिए नीचे आवश्यक शब्दों के उदाहरण दिये जा रहे हैं।

(१) प् फ्

पीडौ "मटकी रखने का स्थान"	पालौ "बेर की झाडी का सूखा पत्ता"
फीडौ "बिचकी हुई नाक वाला"	फालौ "फोडा"
पुरी "पुर, नगर"	पाग "पगडी"
फुरी "पीछे मुडना"	फाग "एक सामूहिक नृत्य"

(२) ब् भ् ब्

बौड "मुर्गे की बांग"	बट्ट "तेजी से"
भौड "तोडना"	भट्ट "भट्ट"
बौड "गाडी मे तेल देना"	बट्ट "टेढा-मेढा होना"
बारी "खिडकी, छोटा झाडू"	बालौ "जलाओ"
भारी "भारी, लकडियो का गट्ठर"	भालौ "देखो"
बारी "बारी"	बालौ "छोटा नाला"

(३) ब् व्

बल "ताकत"	बाअेरौ "बिना"
वल "बाक्पन"	वाअेरौ "हवा"
बाट "अधकचरा गेहू"	बाडौ "बसैला"
वाट "इन्तजार"	वाड "काटो की बाड"
बौम्मण "ब्राह्मण"	बाकल "उबाले हुए चने या मोठ"

बौम्मण "भाभी जाति की स्त्री" बाकल "मुहल्ले के बीच का मैदान"
वैंवणौ "बैठना" बाइ "बहिन"
बैंवणौ "चलना" बाई "शरीर का फूलना"

(४) त् थ्

तारौ "तारा" तेल्ली "तेली"
थारौ "तुम्हारा" थेल्ली "थैली"
तक्यिौ "सिराहना" ताक्नै "ताक कर"
थक्यिौ "थका हुआ" थाक्नै "थक कर"

(५) द् ध् द्

दडौ "बडी गेंद" दौम "मूल्य"
धडौ "तकडी का धडा" धौम "धाम"
दडौ "रेत का टीबा" दौम "जलकर राख होना"
दाव "दाव, मौका"
दाव "पशु"

(६) ट ठ

टग "पत्थर का सहारा" टमकौ "नखरा"
ठग "ठग" ठमकौ "पायल का शब्द"

(७) ड् ड् ड्

डाढी "दाढी" डेरौ "डेरा"
डाढी "एक जाति" डेरौ "मूर्ख, ऊन काटने का औजार"
डागौ "एक जाति, वृद्ध ऊंट" डावौ "बाया"
डागौ "वृद्ध बैल" डावौ "नदी का कगार"
अण्डौ "अण्ड" डाल "पेड की डाल"
अण्डौ "दिन का तीसरा प्रहर" डाल "ढलान"
डौंग "लकडी"
डौंग "ढोंग"

(८) ज् झ्

जक "शान्ति" जारी "जारी"
झक "झक (मारना)" झारी "छोटा लोटा"

(९) ग् , घ्

गुण "गुण"
घुण "घुन"

(१०) क् ख् · ग्

कौण्ड "काड"

खौण्ड "शक्कर"

गौण्ड "एक अश्लील शब्द"

(११) म् ण ट

टम्को "नखरा"

टण्को "जबरदस्त"

टण्काई "बल, सामर्थ्य"

टड्काई टाकने की क्रिया"

(१२) न् ण्

कौन "कान" कन "चौपड़ की कौडी को कान से छुआ कर गिराना"

कौण "तराजू की कान" कण "कण"

धन "धन" मन "मन"

धण "पत्नी" मण "एक तौल"

(१३) व् ब व

वारी खिडकी

बारी बारी

वारी न्यौछावर

(१४) ल् ल्

पालौ "बेर की झाडी का सूखा पत्ता" चालक "चलाने वाला"

पाळौ "पीतल का बर्तन" चाळक "आवड देवी का दूसरा नाम"

पाल "मना करना" चालणौ "चलना"

पाळ "पालन करना" चाळणौ "छेड़ना"

झोल "झूलने की क्रिया"

झोळ "सब्जी की झोल"

(१५) ड् ड़्

आडौ "दरवाजा" नाडौ "छोटा तालाब"

आड़ौ "बालहट" नाड़ौ "पायजामे की डोरी"

(१६) स् ह्

स़ल "सलवट"

हल "हल"

(१७) ह्रस्व स्वर दीर्घ स्वर

इ ई

दिन "दिन"

दीन "गरीब"

उ ऊ

घुर "नकारे की आवाज" धुन "धुन"

घूर "सार तत्त्व का बाहर आ जाना" धूण "ध्यान लगाव"

गुण्ती "२९"

गूण्ती "गधे पर का बोरा"

अ आ

च/ऊ "हल की लकडी का नुकीला भाग" थल "स्थल"

चा/ऊ "चाहने वाला" थाल "थाल"

(१८) ए ऐ

वेद "वेद" छे "अत"

वैद "वैद्य" छै "६"

(१९) ओ औ

ढोलौ "गिरा दो" ओरणौ "ओढनी"

ढौलौ "निर्बल" औरणौ "वर्षा का होना"

कोम "जाति"

कौम "काम"

(२०) औ ऊ

उपाडौ "उठाओ" करडौ "कडा"

उपाडू "अधिक खर्च करने वाला" करडू "अनाज का सस्ता दाना"

(२१) ई . ऐ

राईको "एक जाति" ओंईणी "वह गाय जो दूध न दे"

राऐती "रायता" मौंऐनै "अन्दर"

चौंऐ "बाल झडने का रोग"

(२२) सानुनासिक स्वर निर्गुनासिक स्वर

खाँड "चीनी" ऊब "बरसात का कम जल वाला बादल"

खाड "क्यारी" ऊब "उबने का भाव"

(२३) स्वराघात — / (नीचे के उदाहरणों मे निरपेक्ष स्वराघात को अचिह्नित रहने दिया गया है)

पीर "पीर"	सोरो "आसान"
पी/र "पीहर"	सो/रो "ससुर"
सारो "अस्तित्व"	कोड "उमग मिश्रित आनन्द"
सा/रो "ससुराल"	को/ड "कुष्ठ रोग"
सई "सही"	छेडै "छेड़ता है"
स/ई "स्याही"	छे/डै "किनारे"
बाटी "घोटना क्रिया का पूर्णता वाचक रूप"	दाई "धाय"
बा/टी "कासे का बर्तन"	दा/ई "समान"
गोरी "गौरवर्ण की स्त्री"	जाजो "जाओ"
गो/री "ग्वाला"	जा/जो "ज्यादा"
ओड "एक जाति विशेष"	देवरो "देवर (बहु वचन)"
ओ/ड "कुए पर बना स्थान"	दे/वरो "देवालय"
मैणी "मैना जाति की स्त्री"	पोर "पिछला वर्ष"
मै/णी "उपालम्भ"	पो/र "प्रहर"
मौली "छाछ जो खट्टी न हो"	मेलणो "गाय दुहना"
मौ/ली "मौली का धागा"	मे/लणो "भेजना"
थोरी "एक जाति का नाम"	थोणो "थाना"
थो/री "आग्रह"	थो/णो "मिट्टी सहित अन्य स्थान पर लगाने के लिए उखाडा हुआ पौधा"

१ ३ आ राजस्थानी लिपि देवनागरी लिपि का ही तनिक परिवर्तित रूप है। इस अध्याय के खण्ड (१ २ २) तथा (१ २ ३) मे चयन किये गये व्यजन और स्वर चिह्नो स इस तथ्य को लक्षित किया जा सकता है। नीचे आ राजस्थानी वर्णमाला और तत्सम्बन्धी स्वनिमिक एकको की सूची प्रस्तुत की जा रही है। इस सूची मे पहले स्वर तथा व्यजन वर्णों को सूचित करके प्रत्येक वर्ण के साथ उसके स्वनिमिक पर्याय को कोष्ठक मे लिखा गया है।

स्वर अ (अ), आ (आ), इ (इ) ई (ई), उ (उ), ऊ (ऊ), अे~ए (अे), अै~ऐ (अै), ओ (ओ), औ (औ)।

व्यजन क (क्), ख (ख्), ग (ग्), घ (घ्), ङ (ङ्), च (च्), छ (छ्), ज (ज् ज्), झ (झ्), ञ, ट (ट्), ठ (ठ्), ड (ड्), ढ (ढ्, ढ्),

ण (ण) त (त) थ (थ) द (द द) ध (ध द) न (न)
प (प) फ (फ) ब (ब ब) भ (भ) म (म्) य (य) र (र)
ड (ड) ल (ल) ळ (ळ) व (व ब) स (म स) ह् (ह)।

उपरोक्त वर्णमाला म घाष श्वासद्वारीय रजित स्वनिम / ब द ड ज ग / और घाप अल्पप्राण स्वनिम / ब द ड / को चिह्नित करने की प्रणाली उल्लखनीय तथ्य है। इसी प्रकार उत्क्षिप्त घोष स्वनिम / ज / का वर्ण ज द्वारा सकेत भी उल्लखनीय है।

अधिखण्डात्मक स्वनिम नासिक्यता का लिपि मे बिन्दु ( ) द्वारा सकेत किया जाता है। अधिखण्डात्मक स्वनिम निरपेक्ष स्वराघात के लिये लिपि म कोई चिह्न नही है जो कि युक्ति युक्त है। आरोही स्वराघात का सकेत जिस अक्षर पर इस स्वराघात की अवस्थिति हो उसके साथ ( ) चिह्न के द्वारा स केत किया जाता है यथा (/ गा/री / ग्वाला गो री / पौ/र / प्रहर पौ र) इत्यादि अनेकश आरोही स्वराघात को लिखित आ राजस्थानी मे अचिह्नित भी जोड दिया जाता है।

२. आधुनिक राजस्थानी की अभिव्यंजक संरचना

२ १ सामान्य रूप से भारतीय आर्य भाषाओं में अभिव्यंजक संरचना के अभिसंज्ञक संरचना से पार्थक्य के विषय में वैयाकरणों का ध्यान नाम-मात्र को ही गया है। ऐसा क्यों हुआ है, इसका उत्तर तो भाषा विज्ञान की ऐतिहासिक प्रगति को समझकर किये गये विश्लेषण द्वारा ही दिया जा सकता है। इस अध्याय का उद्देश्य तो अत्यन्त सीमित है, और वह यह कि अभिसंज्ञक संरचना विषयक विवरण के साथ आ राजस्थानी की अभिव्यंजक संरचना सम्बन्धी कतिपय तथ्यों का उल्लेख करना और इस तथ्य की स्थापना करना है कि अभिव्यंजक संरचना किसी भी भाषा का, विशेष रूप से आ राजस्थानी की सर्वांग संरचना का, मूलभूत अंग है। भाषा के व्याकरण में इसे मात्र अपवादात्मक स्थान न देकर, इसका पूर्ण रूप से समुचित विवरण प्रस्तुत करना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

२ २ अभिव्यंजक संरचना के अभिसंज्ञक संरचना से पार्थक्य को स्पष्ट करने के लिये निम्नलिखित दो उदाहरणों की पारस्परिक तुलना की जा सकती है।

(१) इण विध साच-विचार करतौ हौ के उणरै साथ वाळी फौज उठै आय पूगी। पण उठै तौ राव अेकलौ ई निगै आयौ। दुसमी री फौजा रौ अेक ई सिपाई उठै कोनी हा। हजारू सस्तर जमी माथै पडियोडा हा, फगत फौजा री उठती खेह सामी दीखती ही।

(२) *राव आपरी फौज रा सिपाइया नै कैयौ—थे हकनाक लारै क्यू आया!* खैर थे आय गया हौ तौ अबै अै खीला-पाती चुगनै आपा रै अठै ले आवौ। याद बणी रैवैला कै कोई जोधा लडण सारू आया तौ हा।

प्रथम उदाहरण में जिन तलवार आदि वस्तुओं को सस्तर की संज्ञा से अभिहित किया गया है, द्वितीय उदाहरण में उन्ही को खीला-पाती अर्थात् "कील-पत्ती" आदि से सम्बोधित किया गया है। युद्ध करने के हेतु सेना द्वारा लाये शस्त्र उनके द्वारा डर कर भाग जाने पर युद्ध-भूमि पर फैंक दिये जाने से कील-पत्ती आदि हो गये। इन दोनो वाक्यों के वक्ता ने अपनी मनो-भावना के अनुकूल एक ही वस्तु का दो भिन्न-भिन्न नामो से उल्लेख करके, दोनो ही स्थितियो में शस्त्र आदि उक्त वस्तुओं के प्रति अपनी भावनाओं की अभिव्यंजना की है। शस्त्रों को खीला-पाती कह कर शत्रु का तिरस्कार, भूमि पर पड़े हुए

शब्दों की महत्वहीनता और अपने महत्त्व का जो प्रतिपादन किया गया है, ये सारे तत्व अभिव्यजक सरचना का अग हैं ।

उपरिलिखित उदाहरणों मे सरतर एव खीला-पाती दो भिन्न सज्ञाओ द्वारा भिन्न तथ्यों का सकेत किया गया है, उन्ही तथ्यों का सकेत निम्न उदाहरण मे भी है किन्तु यहाँ भिन्न शब्दों के प्रयोग द्वारा ऐसा नही किया गया ।

(३) अणछक डाढाळो ढबियौ । वो तू ड गडाय अठी-उठी हेरण लागौ । बाजरी रै इण खेत आगै कठै ई खोज नी ढूका । निस्चै चारू चीलहरा इण खेत मे चापळाया दीसै । बाजरी ताळा छेक ऊभी झोला खावती ही । वो तू ड उठाय खेत साम्ही जोयौ । बाजरी री बूटी-बूटी जाणै उणरी रिछ्या हारू उमायौ ऊभी ही । डाढाळै री जीव ई हरियौ चकन हुयग्यौ ।

इस उदाहरण मे बाजरी के हवा में झूमने वाले पौधो का वर्णन करते हुए यह कहा गया है कि मानो वे शिकारियों से सूअर की रक्षा करने के भाव से आविष्ट होकर खडे है, इत्यादि । यहाँ भी वक्ता की मन स्थिति का आरोप किया गया है जो कि अत्यन्त उपयुक्त ही नही, अपनी प्रभविष्णुता से स्रोता अथवा पाठक को प्रभावित किये बिना नही रहता ।

ऊपर अभिव्यजक और अभिसजक अर्थों का जो पार्थक्य दिया गया है वह आ राजस्थानी भाषा की व्याकरणिक अर्थ-तात्विक सरचना का अविभाज्य अग है । नीचे भाषा की विविध युक्तिया का उल्लेख किया जा रहा है, जिनसे व्याकरणिक अर्थ-तात्विक दृष्टि से अभिव्यजक सरचना के महत्त्व का प्रति-पादन होता है ।

२ ३ सामान्यतया शाब्दिक दृष्टि से आदरार्थक, अपकर्षार्थक एव सामान्य अवस्थितियो का पारस्परिक पार्थक्य बहुज्ञात तथ्य है । नीचे इस प्रकार के पार्थक्य के भाषा के विविध सवर्गो स उदाहरण एकत्रित किये जा रहे हैं ।

(क) सज्ञाओ की अभिव्यजक अवस्थिति

आदरार्थक	अपकर्षार्थक	सामान्य
छाळी (स्त्री०)	टाटौ (पु०) भोनौ (पु०)	बकरी (स्त्री०)
घोडल्ी (स्त्री०)	टारडी (स्त्री०)	घोडी (स्त्री०)
रावळौ (पु०)	खोलडौ (पु०)	घर (पु०)
देवी (पु०)	राड (स्त्री०)	लुगाई (स्त्री०)
बैड (स्त्री०)	खोपी (स्त्री०)	गाय (स्त्री०)

आदरार्थक	अपकर्षार्थक	सामान्य
नारियौ (पु०)	खोपौ (पु०) ढागौ (पु०)	बळद (पु०)
वागलौ (पु०)	बोचौ (पु०)	हाडौ (पु०)
वासण (पु०)	तबरौ (पु०)	वर्तन (पु०)
—	खादरडौ (पु०)	कॉम (पु०)
सत (पु०) मातमा (पु०)	मोडौ (पु०) भगडौ (पु०)	साध (पु०)
भोटौ (स्त्री०)	रौडौ (पु०), भाइयौ (पु०), खोरौ (पु०)	भैंस (स्त्री०)
गिंडक (पु०)	कुतरडौ (पु०)	कुत्तौ (पु०)
जाखोडौ (पु०) पागल (पु०)	ढागौ (पु०)	ऊंट (पु०)
—	कुणकेयौ (पु०) जिणीतौ (पु०)	वाप (पु०)
—	डौल (पु०)	उणियारौ (पु०)
सीस (पु०)	भोडौ (पु०) भोडक (पु०) खोपडौ (पु०) पुटपडौ (पु०)	माथौ (पु०)
बासण (पु०)	ठीकरौ (पु०)	ठाम (पु०)

(ख) क्रियाओं की अभिव्यंजक अवस्थिति

आदरार्थक	अपकर्षार्थक	सामान्य
(थाल) अरोगणौ जीमणौ	गिटणौ	खावणौ
(रोटी) पोवणौ	घडणौ	बनावणौ
पधारणौ	गदणौ	आवणौ, जावणौ

२४ आदरार्थक अपकर्षार्थक एव सामान्य के अतिरिक्त अन्य प्रकार से भी अभिव्यजना भाषा मे होती है। इस तथ्य को स्पष्ट करने के लिए नाव रौ म्यानौ शीर्षक लोककथा से सुणणौ क्रिया के भाव का कितने प्रकार से अभिव्यजित किया गया है इसके उदाहरण प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

(४) अक खाधिया सू हौळै सी क पूछियौ—बीरा कुण चलियौ ! अमरौ

औ नाव उणरै कांनां मे सख ज्यू गूजियौ।

(५) धक जावता उणनै अक मगतौ साम्ही धकियौ। चौधरण उणरौ नाव पूछियौ। अबै नाव सुभट सुणीजियौ—धनियौ।

चौधरण रै काना औ नाम भंडिद करतो रौ टकरायौ।

(६) वे मोटियार कैयौ कै वा भली लुगाई कोनी भगतण है। चौधरण पूछियौ—वाल्हा थारौ नाव काई। भगतण मुळकनै बोली—सीता। चौधरण रै काना औ नाव बिच्छु रा डक ज्यू लागौ।

(७) मिंदर रा हेटला पगौतिया माथै अेक कोढण बैठी माखिया उडावती ही। चौधरण दो टका फिलाय नाव पूछियौ तौ पतौ लागियौ कै उणरौ नाव है लिछमी। चौधरण रै काना बुग माथै बुग वडता ज्यू लखाया।

उपरिलिखित उदाहरणा मे समस्त रेखाकित वाक्य सुणणौ क्रिया के अभिव्यजक पर्याय हैं।

२५ प्रस्तुत अध्याय का उद्देश्य जैसा कि पहले कहा जा चुका है। मात्र आ राजस्थानी की अभिव्यजक सरचना की स्थापना करना है। व्याकरणिक सरचना के विवरण की पूर्णता की दृष्टि से इस पुस्तक के प्रत्यक अध्याय के वण्य विषय के प्रसग मे ही अभिव्यजक सरचना सम्बन्धी समस्त उपलब्ध तथ्यो को सग्रहीत कर दिया गया है। अत यहा उन्ही तथ्यो को अलग से दोबारा सकलित नही किया जा रहा।

३. संज्ञा

३ १ आ राजस्थानी सज्ञाओ को उनके लिंग के आधार पर दो कोटियो मे विभाजित किया जा सकता है—(क) ऐसी सज्ञाए जिनका लिंगानुसार सवर्गीकरण कतिपय प्रत्ययो का सहवर्ती होता है, और (ख) ऐसी सज्ञाए जिनका लिंगानुसार सवर्गीकरण प्रत्ययो का सहवर्ती न होकर अन्य तत्त्वो पर आधारित होता है ।

३ २ प्रत्ययो के सहवर्ती लिंगानुसार सवर्गीकृत सज्ञाओ की लिंग व्यवस्था मे अन्तर्निहित सभावनाओ को भी दो भागो मे विभाजित किया जा सकता है—(क) वे सज्ञाए *जिनके लिंगानुसार रूप सामान्यतया अभिव्यजक होते हैं, तथा (ख) वे सज्ञाए* जिनके लिंगानुसार रूप अन्य तत्त्वो पर आधारित होते हैं ।

३ २.१ नीचे कोटि (क) की सज्ञाओ के ज्ञात वर्गों को सोदाहरण सूचित किया जा रहा है । इन सज्ञाओ मे **–औ, –इयौ** तथा **–ई** प्रत्ययो की अवस्थिति एव अनवस्थिति के आधार पर प्रत्येक सज्ञा के अधिकतम चतुर्विध रूप हो सकते हैं, यद्यपि इस कोटि की समस्त सज्ञाओ के अधिकतम सम्भावित रूप नही मिलते ।

(१) **प्रदत्त पुरुष नामो के लिंगानुसार रूप :**

सामान्य पुंल्लिग	विशिष्ट पुंल्लिग	अल्पार्थक पुंल्लिग	स्त्री लिंग
सौन	सोनौ	सोनियौ	सोनी
आद	आदौ	आदियौ	आदी
ऊद	ऊदौ	ऊदियौ	ऊदी
राम	रामौ	रामियौ	रामी

(२) प्रदत्त स्त्री नामों के लिंगानुसार रूप ·

सामान्य पुल्लिग	विशिष्ट पुल्लिग	अल्पार्थक पुल्लिग	स्त्री लिंग
प्यार	प्यारौ	प्यारियौ	प्यारी
विमल	विमलौ	विमलियौ	विमली
जसोद	जसोदौ	जसोदियौ	जसोदो
भीक	भीकौ	भीकियौ	भीकी

(३) मानवेतर एव मानव प्राणीवाचक सज्ञाओ के लिंगानुसार रूप

बकर	बकरौ	बकरियौ	बकरी
तोड	तोडौ	तोडियौ	तोडी
ऊदर	ऊदरौ	ऊदरियौ	ऊदरी
बादर	बादरौ	बादरियौ	बादरी
काच	काचौ	काचियौ	कांचो
हिरण	हिरणौ	हिरणियौ	हिरणी
टोगड	टोगडौ	टौगडियौ	टोगडी
कबूड	कबूडौ	कबूडियौ	कबूडी
घेट	घेटौ	घटियौ	घेटी
घोड	घोडौ	घोडियौ	घोडी
डोकर	डोकरौ	डोकरियौ	डोकरी

(४) अप्राणीवाचक सज्ञाओ के लिंगानुसार रूप

काचर	काचरौ	काचरियौ	काचरी
ढोकळ	ढोकळौ	ढोकळियौ	ढोकळी
तामळ	तासळौ	तासळियौ	तासळी
वाटक	वाटकौ	वाटकियौ	वाटकी
रोट	रोटौ	रोटियौ	रोटी
जूत	जूतौ	जूतियौ	जूती
डोर	डोरौ	डोरियौ	डोरी
मटक	मटकौ	मटकियौ	मटकी
भोड	भोडौ	भोडियौ	भोडी
तू ब	तू बौ	तू बियौ	तू बी
घोर	घोरौ	घोरियौ	घोरी
खाळ	खाळौ	खाळियौ	खाळी

गेड	गेडौ	गेडियौ	गेडी
ढिगल	ढिगलौ	ढिगलियौ	ढिगली
दातळ	दातळौ	दातलियौ	दातळी
खील	खीलौ	खीलियौ	खीलो
ठीकर	ठीकरौ	ठीकरियौ	ठीकरी
ढक्ण	ढकणौ	ढकणियौ	ढक्णी
कुलड	कुलडौ	कुलडियौ	कुलडी
खोप	खोपौ	खोपियौ	खोपी
कोथळ	कोथळौ	कोथळियौ	कोथळी
खेजड	खेजडौ	खेजडियौ	खेजडी
खोपड	खोपडौ	खोपडियौ	खोपडी
डाळ	डाळौ	डाळियौ	डाळी
गोड	गोडौ	गोडियौ	गाडी
सीगड	सीगडौ	सीगडियौ	सीगडी

(५) विकल रूपावलो वाली संज्ञाए

(क) प्राणीवाचक संज्ञाए जिनके सामान्य पुल्लिग रूप अनुपलब्ध हैं।

पाडौ	पाडियौ	पाडी
मिन्नौ	मिनियौ	मिन्नी
छोरा	छोरियौ	छोरी
कीडौ	कीडियौ	कीडी
पावणौ	पावणियौ	पावणी

(ख) अप्राणीवाचक संज्ञाए जिनके सामान्य पुल्लिग रूप अनुपलब्ध हैं।

कवाडौ	कवाडियौ	कवाडी
डब्बौ	डबियौ	डब्बी
फर्रौ	फर्रियौ	फर्री
भारौ	भारियौ	भारी
तवौ	तवियौ	तवी
डळौ	डळियौ	डळी
तडौ	तडियौ	तडी
तुर्रौ	तुर्रियौ	तुर्री
बचकौ	बचकियौ	बचकी
थप्पौ	थपियौ	थप्पी
भडौ	भडियौ	भडी

छुरो	छुरियौ	छुरी
कडौ	कडियौ	कडी

(ग) त्रिविध रूपीय सज्ञाए जिनके विशिष्ट पुल्लिग रूप अनुपलब्ध हैं।

ताकड	ताकडियौ	तावडी
काकड	काकडियौ	वाकडी
टेलड	टेलडियौ	टलडी

(घ) त्रिविध रूपीय सज्ञाए जिनके अल्पार्थक पुल्लिग रूप अनुपलब्ध हैं।

थेपड	थेपडौ	थेपडी
फळ	फळौ	फळी

(ङ) त्रिविध रूपीय सज्ञाए जिनके स्त्री लिंग रूप अनुपलब्ध हैं।

आकड	आकडौ	आकडियौ
धेंड	धेंडौ	धेंडियौ
खरडक	खरडकौ	खरडकियौ
रौड	रौडौ	रौडियौ
खौर	खौरौ	खौरियौ
धोव	धोवौ	धोवियौ
गार	गारौ	गारियौ

(च) द्विविध रूपीय सज्ञाए जिनके सामान्य पुल्लिग और स्त्री लिंग रूप ही उपलब्ध हैं।

सागर	सागरी
ताल	ताली
कुडक	कुडकी
पोपळ	पोपळी

(छ) द्विविध रूपीय सज्ञाए जिनके विशिष्ट पुल्लिग और अल्पार्थक पुल्लिग रूप ही उपलब्ध हैं।

खाजौ	खाजियौ
खवोचौ	खवोचियौ
तूंडौ	तूंडियौ
मोलौ	मोलयौ

(ज) द्विविध रूपीय सज्ञाए जिनके विशिष्ट पुल्लिंग और स्त्रीलिंग रूप उपलब्ध है।

बिकरौ	बिकरी
खू टौ	खू टी
चकारौ	चकारी
अधारौ	अधारी
फूदौ	फूदी
फेरौ	फेरी
थुथकौ	थुथकी

(झ) द्विविध रूपीय सज्ञाए जिनके सामान्य पुल्लिंग और अल्पार्थक पुल्लिंग रूप ही उपलब्ध है।

वूक	वूकियौ
तळाव	तळावियौ
राड	राडियौ
मोर	मोरियौ

(ञ) द्विविध रूपीय सज्ञाए जिनके सामान्य और विशिष्ट पुल्लिंग रूप ही उपलब्ध हैं।

बिगाड	बिगाडौ
सुधार	सुधारौ
उधार	उधारौ
आक	आकौ
अफड	अफडौ
अदाज	अदाजौ
आगण	आगणौ
घू घट	घू घटौ
फद	फदौ
वाम	वामौ
पाप	पापौ
जाळ	जाळौ
गोट	गोटौ
भपीड	भपीडौ
भचीड	भचीडौ
फटीड	फटीडौ
सटीड	सटीडौ

दटीड	दटीडौ
खळिद	खळिदौ
हबिद	हबिदौ
कचद	कचदौ
तबद	तबदौ
सीधापण	सीधापणौ
गैलापण	गैलापणौ
ओछापण	ओछापणौ
तीखापण	तीखापणौ
बाडापण	बाडापणौ
खरापण	खरापणौ
सुगरापण	सुगरापणौ
नुगरापण	नुगरापणौ
हळकापण	हळकापणौ
बोदापण	बोदापणौ
मिनखापण	मिनखापणौ

(द) द्विविधरूपीय सज्ञाए जिनके अल्पाधक पुल्लिग और स्त्रीलिंग रूप उपलब्ध हैं।

चौपनियौ	चौपनी
कोकडियौ	कोकडी
तावडियौ	तावडी

३ २ २ -औ, -इयौ तथा -ई प्रत्ययो की अवस्थिति अनवस्थिति से निष्पन्न रूपा के अतिरिक्त अन्य प्रत्ययो से भी सज्ञाओ के लिग रूपा की रचना होती है । इस प्रकरण म इन इतर प्रत्ययो से निष्पन्न रूपा का उल्लेख किया जाएगा ।

(१) पुल्लिग रूप से -आणी प्रत्यय के योग से निष्पन्न स्त्रीलिंग रूप ।

वाणियौ	वणियाणी
कवर	कवराणी
नौकर	नौकराणी
सेठ	सेठाणी
पुरोहित	पुरोहिताणी पिरोयताणी
ठाकर	ठकराणी
रजपूत	रजपूताणी
धणी	धणियाणी

भाटी	भटियाणी
तुरक	तुरकाणी
साध	साधाणी

(२) पुल्लिंग रूप से –अण प्रत्यय के योग से निष्पन्न स्त्रीलिंग रूप।

पुजारी	पुजारण
दरजी	दरजण
नाई	नायण
भिखारी	भिखारण
साथी	साथण
तेली	तेलण
धोबी	धोबण
भंगी	भंगण
मोची	मोचण
माळी	माळण
भावो	भावण
मामो	मामण
खाती	खातण
पटवारी	पटवारण
गाधी	गाधण
मालक	मालकण
चौधरी	चौधरण

(३) पुल्लिंग रूप के साथ –णी प्रत्यय के योग से निष्पन्न स्त्रीलिंग रूप।

जाट	जाटणी
नटियौ	नटणी
डाक्टर	डाक्टरणी
मास्टर	मास्टरणी
मुसलमान	मुसलमानणी
हाथी	हथणी
सिंघ	सिंघणी
बींद	बींदणी
भाट	भाटणी
खटीक	खटीकणी
सेर	सेरणी
बडियौ	बडणी

(४) पुंल्लिंग रूप के साथ –ई प्रत्यय के योग से निष्पन्न स्त्रीलिंग रूप ।

चारण	चारणी
बामण	बामणी
लवार	लवारी
दास	दासी
कुमार	कुमारी
गोप	गोपी
सुथार	सुथारी
कुम्हार	कुम्हारी
सरगरौ	सरगरी

(५) स्त्रीलिंग रूपा के साथ –औ प्रत्यय के योग से निष्पन्न पुंलिंग रूप ।

स्त्रीलिंग	पुंल्लिग
चाळ	चाळौ
चाट	चाटौ
छाट	छाटौ
झाळ	झाळौ
ताक	ताकौ
गाठ	गाठौ
फाचर	फाचरौ
फु फाड	फू फाडौ
मरण	मरणौ
सभाळ	सभाळौ
लेण देण	लेणौ देणौ
लार	लारौ
हाक	हाकौ
हु कार	हु कारौ
वचाक	वचाकौ
पचडाक	पचडाकौ
पचराक	पचराकौ
डिचकार	डिचकारौ
बुचकार	बुचकारौ
भणकार	भणकारौ
टणकार	टणकारौ
छणकार	छणकारौ
चिल्लाट	चिल्लाटौ

छळछळाट	छळछळाटौ
भल्लाट	भल्लाटौ
ठक्ठकाट	ठक्ठकाटौ
सवा	सवौ

(६) सस्कृत तत्सम सज्ञाए जिनके पुल्लिग तथा स्त्रीलिग भाषा म यथावत् प्रचलित है ।

पुल्लिग	स्त्रीलिग
भगवान	भगवती
बुद्धिमान	बुद्धिमती
गुणवाण	गुणवती
बळवाण	बळवती
अभिनेता	अभिनेत्री
दाता	दात्री
विधाता	विधात्री
बालक	बालिका
पाठक	पाठिका
नायक	नायिका
अध्यक्ष	अध्यक्षा
कात	काता
प्रिय	प्रिया
स्वामी	स्वामिनी
तपस्वी	तपस्विनी

(७) फारसी-अरबी तत्सम सज्ञाए जिनके पुल्लिग तथा स्त्रीलिग रूप प्रचलित है ।

सायब	सायबा
मलिक	मलिका
वालिद	वालिदा
सुलतान	सुलताना

३ २ ३ निम्नलिखित सज्ञाओ के लिगानुसार युग्म शब्द भेद पर आधारित हैं ।

पुल्लिग	स्त्रीलिग
बाप	मा
पिता	माता
साड	गाय
मोर	ढेल
धणी	लुगाई

३२४ अनेक पुल्लिग सज्ञाए ऐसी है जिनके स्त्रीलिग प्रतिरूप भाषा मे उपलब्ध नही होते।

चित्राम	घी	पीजरौ
खज	आटौ	दुसाकौ
मादर	गुळ	वाम
पाणी	कु जौ	होठ
साबू	भाटौ	दात
तेल	गदौ	

३२५ अनेक स्त्रीलिग सज्ञाए ऐसी है जिनके पुल्लिग प्रतिरूप भाषा मे अनुपलब्ध है।

दारू	जट	जाजम	पावर
गाज	मू ण	सतरज	काया
मक्कर	गिलास	ईम	आख

३२६ भाषा म अनेक सज्ञाए ऐसी है जो रूप भेद के बिना पुल्लिग अथवा स्त्रीलिग दोनो मे अवस्थित होती है।

तेवड	कडमड	निसास
तनपट	कळकळ	सिकार
घात	काळम	पू छ
चैन	थाग	ओखद
आळ-जजाळ	ना	बगत
थावस	काकड	

उक्त सज्ञाओ मे से कतिपय की वाक्यो मे अवस्थिति के उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

(१) वा घणी वार ई समझावती के नी नी व्है जैडी तेवड करनै रात-दिन जीमावती रू, जे मिनखा नै खावणा बद करदै तौ पण बात निभावणी तौ दैत रै हाथ ही।

(१क) आपरै वासै आय कमेडी नेवळै अर कागळै मारू घणा ई तेवड करिया।

(२) अबै तौ वे बाता सपनै री आळ-जजाळ हुयगी।

(२क) रात रा सपनै मे ई उणनै धन कमावण रा ई आळ-जजाळ आवना।

३२७ भाषा मे अनेक स्त्रीलिग सज्ञाए हैं जिनके साथ –ई प्रत्यय के योग से अतिरिक्त स्त्रीलिग रूप निर्मित होते हैं।

मूल स्त्रीलिंग रूप	–ई प्रत्यय युक्त स्त्रीलिंग रूप
अतावळ	अतावळी
खळबळ	खळबळी
गाळ	गाळी
जुगत	जुगती
भड	भडी

आस और आ–अन्त्य आसा जो कि दोना स्त्रीलिंग हैं इसी कोटि की सज्ञाए हैं।

३ २ ८ कतिपय अन्य सज्ञाए ऐसी है जिनके मूल स्त्रीलिंग रूपो से –ई और –औ प्रत्ययो के योग स अतिरिक्त स्त्रीलिंग और पुल्लिग रूपो की रचना होती है। यथा आट से आटी आटो ढाण से ढाणी ढाणौ इत्यादि।

३ ३ आ राजस्थानी सज्ञाए सामान्यत एक तथा बहु वचन म अवस्थित होती हैं। अनेक सज्ञाए वचन सम्बन्धी इस सामान्य नियम का अपवाद हैं किन्तु उनका विवरण आग किया जायगा।

३ ३ १ वचन की दृष्टि से आ राजस्थानी सज्ञाओ के निम्नलिखित शब्दगत रूप वर्ग है —

(अ) पुल्लिग सज्ञाए
- (१) औ–अन्त्य सज्ञाए यथा काकौ छोरौ बेटौ टोगडियौ
- (२) ई–अन्त्य सज्ञाए यथा माळी पापी भगी
- (३) ऊ–अन्त्य सज्ञाए यथा भाणू गगू
- (४) आ–अन्त्य सज्ञाए यथा राजा मातमा
- (५) इतर सज्ञाए यथा जाट ठाकर

(आ) स्त्रीलिंग सज्ञाए
- (१) ई–अन्त्य सज्ञाए यथा जाटणी मिठाई घडी नगरी टोगडी भगोली लुगाई लुगावडी पाडी पाडकी नाडी नाडडी वाटकी नगरी मूरली
- (२) आ–अन्त्य सज्ञाए यथा आसा चिता मा
- (३) अनुचरित अ–अन्त्य सज्ञाए यथा रुत बिगत परात आस लालटेण, मूरत वैर
- (४) इतर सज्ञाए यथा पापण माळण तलण खातण गाधण पटवारण धोबण ढोलण भावण सामण दरजण मालकण पुजारण मोचण चौधरण पातर खातर इत्यादि सज्ञाए भी स्त्रीलिंग सज्ञाओ के वग (४) म ही सम्मिलित की जा सकती है।

वाक्य-परिसरा म अवस्थिति के आधार पर उपरिलिखित सज्ञा-शब्दगत रूपवर्गों की रूप रचना की दो परस्पर अपवर्जित पद्धतिया है जिन्हे ऋजु तथा तिर्यक कारक कहा जाता है। इन दोनो परिसरो मे अवस्थिति के आधार पर उपरोक्त वर्गों की सज्ञाओ की शब्दगत वचन रूपावली का निदर्शन प्रत्येक वर्ग की कतिपय मानक सज्ञाओ द्वारा नीचे किया जा रहा है।

सज्ञा अग		एक वचन		बहुवचन	
		ऋजु रूप	तिर्यक रूप	ऋजु रूप	तिर्यक रूप
पु० (१)	काको	काको	काका∼काके	काका	काका
पु० (२)	माळी	माळी	माळी	माळी	माळिया
पु० (३)	भाणू	भाणू	भाणू	भाणू	भाणुवा∼भाणवा
पु० (४)	राजा	राजा	राजा	राजा	राजावा
पु० (५)	जाट	जाट	जाट	जाट	जाटा
स्त्री (१)	जाटणी	जाटणी	जाटणी	जाटणिया	जाटणिया
स्त्री (२)	आसा	आसा	आसा	आसावा	आसावा
स्त्री (३)	रत	रत	रत	रता	रता
स्त्री (४)	माळण	माळण	माळण	माळणिया	माळणिया
	पातर	पातर	पातर	पातरिया	पातरिया

स्त्रीलिंग वर्ग (२) की कतिपय सज्ञाओ के (यथा लुगाई, मिठाई आदि) रूपा मे तनिक भिन्नता है। इसका उल्लेख नीचे किया जा रहा है।

लुगाई सज्ञा की शब्दगत रूपावली

	एकवचन	बहुवचन
ऋजु	लुगाई	लुगाया
तिर्यक	लुगाई	लुगाया

मिठाई सज्ञा की रूपावली भी लुगाई शब्द के समान है।

लुगाई शब्द के अभिव्यजक रूप **लुगावडकी** की रूपावली निम्नलिखित है।

	एकवचन	बहुवचन
ऋजु	लुगावडकी	लुगावडक्या
तिर्यक	लुगावडकी	लुगावडक्याँ

उच्चारण भेद के कारण कोई लेखक *समस्त –ई अन्त्य सज्ञाओ* के बहुवचन रूप (स्त्रीलिंग सज्ञाओ के ऋजु और तिर्यक तथा पुल्लिग सज्ञाओ के केवल तिर्यक) लुगावडकी

संज्ञा के समान लिखते हैं । यथा माल्यां (माळी तिर्यक बहुवचन) अथवा नाड्यां (नाडी ऋजु तथा तिर्यक बहुवचन) इत्यादि । इसी प्रकार स्त्रीलिंग वर्ग (४) की संज्ञाओं की भाषा में स्थिति है ।

३ ३ २ कतिपय अल्पार्थक पुल्लिंग संज्ञाओं और उनकी प्रतिरूपीय –ई अन्त्य संज्ञाओं की शब्दगत रूपावली में, विशेष रूप से तिर्यक बहुवचन में, रूपगत अस्पष्टता आ जाती है । यथा, कावरियौ (अल्पार्थक पुल्लिंग) तथा कावरी (स्त्रीलिंग) दोनों का तिर्यक बहुवचन रूप कावरियां∼कावरयां ही होगा । इस प्रकार की स्थितियों में अवस्थिति-संदर्भ के आधार पर ही अस्पष्टता का निराकरण किया जा सकता है ।

३ ३ ३ अनेक संज्ञाओं के सम्बोधनात्मक रूप भी भाषा में प्रचलित हैं । सामान्यतः सम्बोधनात्मक और तिर्यक रूपों में कोई भेद नहीं होता । कतिपय संज्ञाओं के सामान्य सम्बोधनात्मक रूपों के अतिरिक्त अन्य रूप भी भाषा में प्रचलित हैं जो कि अभिव्यंजक होते हैं । यथा माळी संज्ञा के सामान्य सम्बोधनात्मक रूपों ओ माळी (एक वचन) और ओ माळियां (बहुवचन) के अतिरिक्त अभिव्यंजक सम्बोधनात्मक रूप हैं ओ माळां (एक वचन) तथा ओ माळां (बहुवचन) इत्यादि ।

सामान्य सम्बोधनात्मक बहुवचन का एक व्यक्ति के लिए आदरार्थक प्रयोग भी होता है ।

३ ३ ४ अनेक समूहवाची संज्ञाएं अन्तर्निहित बहुवचन में होने के कारण शब्दरूपगत दृष्टि से बहुवचन में अवस्थित नहीं होती । इस कोटि के कतिपय उदाहरण हैं । समस्त सामान्य पुल्लिंग संज्ञाएं, जिनका विवरण प्रकरण संख्या (३ २) में किया जा चुका है, तथा कतिपय अन्य संज्ञाएं यथा मांनखौ, भाव, कमठाण, दाव∼धाव, पसेव, नदियांण, हमायत, तमामत, जोमलियार इत्यादि ।

माईत, टाबर, जनेतर आदि शब्द, यद्यपि स्त्री अथवा पुरुष व्यक्तियों का समुद्देशन करते हैं फिर भी इनकी शब्दगत रूपावली पुल्लिंग वर्ग (५) के समान ही होती है ।

अनेक संज्ञाएं, यथा भाइयौ, सलादन, काया, ओल्द एकवचन में ही अवस्थित होती हैं । इस कोटि की संज्ञाओं की सूची काफी विस्तृत है ।

इस प्रकरण में वर्णित अपवाद स्वरूप संज्ञाओं के विषय में और अधिक अनुसन्धान की आवश्यकता है ।

३ ४ आ राजस्थानी में दो संज्ञाओं की परस्पर आसत्ति से यौगिक संज्ञाओं की रचना होती है । इस प्रकार की यौगिक संज्ञाओं के तीन वर्ग हैं—(क) मानववाची यौगिक संज्ञाएं, (ख) मानवेतर प्राणीवाचक यौगिक संज्ञाएं तथा (ग) वस्तु इत्यादि वाचक यौगिक संज्ञाएं ।

३.४१ मानववाची यौगिक सज्ञाओ के उनमे अवस्थित अग-स्वरूप सज्ञाओ के लिंग और क्रमानुसार निर्मित चारो कोटियो के कतिपय उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे हैं।

पुल्लिग-स्त्री लिंग यौगिक सज्ञाएं

ठाकर–ठकराणी	साध–साधाणी
सेठ–सेठाणी	सामी–सामण
राजा–राणी	भगी–भगण
राजपूत–राजपूताणी	ढोली–ढोलण
चारण–चारणी	भाबी–भावण
बामण–बामणी	दरजी–दरजण
तेली–तेलण	दोहितौ–दोहती
सुथार–सुथारी	लोग–लुगाई
खाती–खातण	धणी–लुगाई
लवार–लवारी	बींद–बींदणी
कुम्हार–कुम्हारी	छोरौ–छोरी
सरगरौ–सरगरी	दादौ–दादी
दास–दासी	भाई–भोजाई
पटवारी–पटवारण	काकौ–काकी
चौधरी–चौधरण	मामौ–मामी
पुजारी–पुजारण	नानौ–नानी
मालक–मालकण	बींद–वहू
डोकरौ–डोकरी	भाई–बैंन
बेटौ–बेटी	भाणजौ–भाणजी
मामौ–मासी	जेठ–जेठाणी
देवर–देराणी	साळौ–साळी

स्त्री लिंग-पुल्लिग यौगिक संज्ञाएं

मा–बाप	बैंन–भाई
मामु–सुसरौ	मामी–भाणजौ
देवी–देवता	भुवा–भतीजौ
छोरी–छोरौ	बैंन–बहनोई

पुल्लिग-पुल्लिग यौगिक सज्ञाएं

राजा–रक	गरीब–गुरबौ
चोर–साहूकार	गरीब–श्रमार

कुटम–कबीलौ	बूढौ–बडेरौ
नौकर–चाकर	वैरी–दुस्मी
ठाकर–ठेठर	किमाण–मजूर
बाळ–बिचियौ	

स्त्रीलिंग-पुल्लिग यौगिक सज्ञाएँ

भुवा–भतीजौ
मा–बेटौ
नणद–भौजाई
मासी–भांणजौ
बैंन–बेटौ
मामू–वहू
बाई–माई
देराणी–जेठाणी

लोक म प्रसिद्ध व्यक्तिया के नामो म पुरुष-स्त्री ग्रथवा स्त्री-पुरुष के क्रम से व्यक्तिवाचक यौगिक सज्ञाग्रो के कतिपय उदाहरण नीचे दिये जा रहे हैं।

पुरुष स्त्री यौगिक सज्ञाएँ	स्त्री पुरुष यौगिक सज्ञाएँ
ढोला–मरवण	सीता–राम
शिव–पावती	राधा–कृष्ण
कृष्ण–रुक्मिणी	सोरठ–बीभौ
जेठवा–ऊजळी	निहालदे–सुल्तान
जलाल–बूबना	सयणी–बीजानद
नल–दमयन्ती	रत्ना–हमीर

३ ४ २ मानवेतर प्राणीवाचक सज्ञाग्रा से निर्मित यौगिको के भी मानववाची सज्ञाग्रो के समान ही चार वर्ग होते है।

पुल्लिग-स्त्रीलिंग यौगिक	स्त्रीलिंग-पुल्लिग यौगिक
सेर–सेरणी	गाय–बळद
कबूडौ–कबूडी	सर्भ–पाडौ
घोडौ–घोडी	कीडी–मकौडौ
हाथी–हथणी	
गधौ–गधी	
बछेरौ–बछेरी	
बिछियौ–बिछकी	

कागलौ–कागली
चिड़ी–चिड़ी

पुल्लिग-पुल्लिग यौगिक	स्त्रीलिंग-स्त्रीलिंग यौगिक
पछी–जिनावर	चिड़ी–कमेडी
	गाय–भैंस

३ ४ ३ वस्तु इत्यादि वाचक यौगिक सज्ञाओं में उनमें अवस्थित अंगों के लिंग का महत्त्व उतना नहीं जितना कि परस्पर आसन्न अवस्थित सज्ञा युग्मों का। इस प्रक्रम द्वारा समिश्र कोटि की संकल्पनाओं का भाषा में प्रजनन होता है। यथा—छाण-बीण, जमीं-जायदाद, दान-पुन्न, दवा-दारू, धन-माल इत्यादि। ये समस्त सज्ञा युग्म ऐसे हैं जिनमें प्रत्येक युग्म के दोनों अंग सामाजिक प्रथाओं के आधार पर साथ-साथ अवस्थित होते हैं। जैसे जमीं-जायदाद का अर्थ है 'जमीन, जायदाद एवं इनकी समिश्र कोटि में सम्मिलित की जा सकने वाली अन्य वस्तुएँ इत्यादि।" इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि कोश में प्रदत्त अर्थों के अनुसार इन यौगिकों का अर्थ उनके अंगों के योगफल से अतिरिक्त है।

इस कोटि की यौगिक सज्ञाओं के कतिपय अन्य उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे हैं।

छळ–कपट	हरख–उच्छव	चारौ–पाणी
छळ–छद	हीरा–मोती	चिलम–तबाकू
छळ–प्रपच	हीरा–जवारात	चीज–वुस्त
छळ–बळ	हीडौ–चाकरी	चुग्गौ–पाणी
छाण–बीण	हाथ–तोबा	चौका–परिंडो
छिड़का–छाटा	चाल–चलगत	जात–पात
जाच–पडताल	सिरख–पथरणौ	फळ–फूल
पूस–बाईंदौ	पत्ता–पानडा	पुन्न–परताप
पुराण–सास्तर	कुरब–कायदौ	फूका–रोळौ
केसर–कस्तूरी	सोनौ–चादी	खरच–खातौ
समद–तळाव	साठ–गाठ	माज–माद
लाड–कोड	साळ–सभाळ	सिनान–सपाडौ
सिनान–पाणी	सीर–सस्कार	सुख–आणद
सँध–पिछाण	सेवा–बदगी	सैर–सपाटौ
सोच–विचार	रगडौ–झगडौ	राव–रत्तो
राळी–गूदडा	रीझ–खीज	रूप–रग
रोटी–गाभा	रोळौ–दगौ	वारौ–न्यारौ
लाग–लपेट	लाज–विपदा	लाज–सरम

लाड–दुलार	लिहाज–लचको	लुका–छिपी
लेणो–देणो	काण–कायदो	माण–ताण
माया–सपत	माल–मलीदा	भाग–मुलफा
मोह–परीत	मौज–मजा	पूजा–पाठ
बाटा–चूटा	बात–बिगत	साज–माद
विणाव–सिणगार	बिस–इमरत	धरम–अधरम
सुख–दुख	दिन–रात	जलम–मरण
बेरो–बावडी	व्रत–उपवास	जप–तप
भाटा–दग्गड	अतर–फुलेल	कागद–पतर
अरजी–पानडो	आगो–लारो	आफत–बिपदा
आळ–जजाळ	आव–आदर	इनाम–इकरार
ओळख–पिछाण	ओखद–उपचार	करम–धरम
काम–धधो	काम–काज	काम–हलीलो
नाव–नामून	धरम–ध्यान	धरम–करम
नावो–लेखो	दया–मया	दाणो–पाणो
दुख–दरद	देण–दाफ	धन–माल
खिखरा–ठट्ठा	गरब–गुमाण	गाजा–बाजा
गाभा–लत्ता	गेणो–गाठो	घडी–पलका

३४४ समस्त मानववाची एव मानवेतर प्राणी-वाचक यौगिक सज्ञाओ की लिंगानुसार निम्न कोटिया है —

(क) पुरष + स्त्री
(ख) पुरष + पुरुष
(ग) स्त्री + पुरुष
(घ) स्त्री + स्त्री

कोटि (क), (ख), (ग) की यौगिक सज्ञाए पुल्लिग होती हैं, और कोटि (घ) की सज्ञाए स्त्रीलिग।

समस्त वस्तु इत्यादि वाचक सज्ञाओ की उनम अवस्थित घटको की सख्येयता अथवा असख्येता के आधार पर दो उपकोटिया हो जाती है। इनम सख्येय वस्तु इत्यादि वाचक सज्ञाओ का लिंगानुसार वर्गीकरण भी मानववाची एव मानवेतर प्राणीवाचक सज्ञाओ के समान होता है। किन्तु असख्येय वस्तु इत्यादि वाचक यौगिक सज्ञाए सामान्यतया चार उपकोटियो मे विभाजित हो जाती हैं।

(क) पुल्लिग + स्त्रीलिग
(ख) स्त्रीलिग + स्त्रीलिग

(ग) पुल्लिग + पुल्लिग
(घ) स्त्रीलिंग + पुल्लिग

कोटि (क) (३-५) और (ख) (६) की यौगिक सज्ञाए स्त्रीलिंग होती है, तथा कोटि (ग) (७-९) और (घ) (१०-१२) की सज्ञाए पुल्लिग।

(ख) (३) दूजो जोर ई काई हो। बैन-बहुवा रै साथै हवेली री सगळी सुख-सांयत ई बिलायगी।

(४) पुरखा रै इण गांव री मोह-परीत छोडनै थू दिसावर मे कमाई सारू अवस जाजै।

(५) वा तौ किणी री मान-मनवार नी करी। रूपा रा कठोम्दाण सू आधौ लाडू तोडनै झट मू डा म धरियो।

(ख) (६) रतो माया रौ धणी हुवता थका ई उण सेठ रै मोठ-मरजाद नैडी आगी ई नी ही।

(ग) (७) वो आखिया मीचनै इण भात रौ सोच-विचार करतौ ई हौ कै राजाजी रौ असवार जतावळ करतौ बोलियौ—सता अवै काई हुकम फरमावौ।

(८) मिनख जीवन मे ई सगळा धरम-करम, भगती अर ग्यान है। जीवणै-जीवणै म फरक हुय सकै, आ बात म्हैं मानू।

(९) थारौ करम-धरम था रै साथै। म्हैं तौ ठीकरी माथै लिखनै सही कर दू ला।

(घ) (१०) म्हारै पूजा-पाठ मे किणी तरह रौ राफो नी पडणौ चाहीजै। नवलखै हार री बात अबै कालै तडकै ई व्हैला।

(११) सामू गाळी री नाव सुणियौ'र बोली ई—मर बळजाणी ! हित्यारी पापण ! थारा हाथ री रोटी-पाणी छोडणी पडसी।

(१२) रेसमी पोसाक माथै लागियोडौ जरी-गोटो ई अधारै मे पळापळ करतौ हौ।

३ ४ ५ शब्दगत रूप रचना की दृष्टि से समस्त यौगिक सज्ञाओ की तीन कोटिया हो सकती है —

(क) ऐसी यौगिक सज्ञाए जिनके द्वितीय घटक के साथ शब्दगत रूप प्रत्ययो का योग होता है।

(ख) ऐसी यौगिक सज्ञाए जिनके दोनो घटको के साथ शब्दगत रूप प्रत्ययो का योग होता है।

(ग) ऐसी यौगिक सज्ञाए जिनके शब्दगत रूप सामान्यत कोटि (क) के समान होते हैं, किन्तु इसके अतिरिक्त तिर्यक बहुवचन मे विकल्प से कोटि (ख) के समान दोनो घटको के साथ शब्दगत रूप प्रत्ययो का योग भी हो सकता है।

इन तीनो कोटियो की यौगिक सज्ञाओं की शब्दगत रूपावली के उदाहरण नीचे दिये जा रहे है।

सज्ञा	एक वचन		बहुवचन	
कोटि	ऋजु रूप	तिर्यक रूप	ऋजु रूप	तिर्यक रूप
(क)	कुटुम-कबीलो	कुटम-कबीला	कुटम-कबीला	कुटुम-कबीला
	टाबर-बूढो	टाबर-बूढा	टाबर-बूढा	टाबर-बूढा
	छळ-कपट	छळ-कपट	छळ-कपट	छळ-कपटा
	घडी-पलक	घडी-पलक	घडी-पलका	घडी-पलका
	जाच-पडताल	जाच-पडताल	जाच-पडताला	जाच-पडताला
	कीडी-मकोडो	कीडी-मकोडा	कीडी-मकोडा	कीडी-मकोडा
	रोटी-गाभो	रोटी-गाभा	रोटी-गाभा	रोटी-गाभा
	मान-मनवार	मान-मनवार	मान-मनवारा	मान-मनवारा
(ख)	गाभो-लत्तो	गाभा-लत्ता	गाभा-लत्ता	गाभा-लता
	खुणो-खोचरो	खुणा-खोचरा	खुणा-खोचरा	खुणा-खोचरा
	पत्तो-पानडो	पत्ता-पानडा	पत्ता-पानडा	पत्ता-पानडा
	चोर-साहूकार	चोर-साहूकार	चोर-साहूकार	चोर-साहूकारा
	छळ-बळ	छळ-बळ	छळ-बळ	छळा-बळा
	गाय-भैंस	गाय-भैंस	गाया-भैंसा	गाया-भैंसा
	बात-बिगत	बात-बिगत	बाता-बिगता	बाता-बिगता
(ग)	बरतन-वासण	बरतन-वासण	बरतन-वासण	बरतन-वासणा बरतना-वासणा
	ठाकर-ठेठर	ठाकर-ठेठर	ठाकर-ठेठर	ठाकर-ठेठरा ठाकरा-ठेठरा
	ठाम-ठीकरो	ठाम-ठीकरा	ठाम-ठीकरा	ठाम-ठीकरा ठामा-ठीकरा
	बेल-पानडो	बेल-पानडा	बेल-पानडा	बेल-पानडा बेला-पानडा

उपरिलिखित ओ-अन्त्य सज्ञाओ के वैकल्पिक तिर्यक रूप (यथा पानडो से पानडं) का उल्लेख नही किया गया है।

उपरिलिखित रूपावलियो के अतिरिक्त अनेक यौगिक सज्ञाआ के रूप भाषा मे रूढ हैं। इनके नीचे दिये हुए रूपो के अतिरिक्त रूप नही होते।

खोसा-लूटी	राजा-रक	धणी-धोरी
ताळा-कूंचो	चाल-चलगत	धन-माल
दया-मया	जमी-जायदाद	धन-सपत
दान-पुन्न	छाण-बीण	निसाण-पातौ
गरब-गुमान	धरम-करम	नाग-नामून

कई यौगिक सज्ञाए मूल म बहुवचन म ही होती हैं यथा हीरा-जवाहरात हीरा-जवाहराता, खिखरा-ठट्टा खिखरा-ठट्टा इत्यादि।

३४६ सहिति अथवा प्रमाणाधिक्य वाचक बहुवचन की अवस्थिति के कतिपय उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये जा रहे है—(१३-१५)।

(१३) उठै धान रौ काई तोटो—ढिगला धान पडियो।

(१४) उणरै उठै अनाप मनाप गाया-भैंस्या इण सारू वो मणा दूध सैर बेचण जावै।

(१५) थोडा दिना मे ई पीजारौ बरसा बूढौ हुयग्यौ।

३४७ अनेक सज्ञाए सामान्यतया बहुवचन मे ही अवस्थित होती है। इनके कतिपय उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

(१६) आ बात सुणनै सगळा जिनावर उण खिरगोस रा मोर थेपडिया।

(१७) मासरै रौ उमायौ धर सू बहीर हुयौ अर मारग मे ईं मौत सू भेटका हुय गया।

(१८) दूजोडौ भाई राजकवरी नै तलण री वात बताई तौ राजाजी रा होस गुम हुय ग्या।

(१९) म्हारी निजरा औ सगळी ई नजारौ जोयौ।

(२०) दोनू हाथा म भागा चढी चरी लेय वा बा रै पाखती आई।

(२१) उणरी खीभ तौ जाणै आकासा चढगी। गोफणवाळी रै साम्ही तौ उणरी माथौ ई ऊचौ नी हुयौ।

(२२) भूडण लाजा मरती बोली—आ बात सुणनै तौ म्हनै थारी अकल रौ ई पीदौ उघडतौ दीसै।

(२३) माळण नै आदेस फरमाय सेजा फूल मगावण री महर करावौ म्हैं जिण काम मे हाथ घालू वो तौ पार पडै इज।

३.४८ संज्ञाओं की तिर्यक बहुवचन में आदरार्थक एवं संज्ञा-समुद्देशक अवस्थिति भी होती है। इन अवस्थितियों के कतिपय उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये जा रहे है।

(२४) म्हे तौ पछै सगळी लाज-सरम नै आगी न्हाखनै पांवणां रै गाभा माथै हाथ घेरिया।

(२५) पण अणचक उणरै काना अेक कुम्हारी रै मूंडै एक अजब ई वात री सुरपुर सुणीजी—देखौ अै मावड़िया आ सेठां री हवेली कैड़ी पटकी पड़ी।

(२६) खतोड़ म मार्वं जको ई पैलपोत आ इज वात पूछै कै कारीगरा काई करो।

३.५ आ राजस्थानी म संज्ञा$_1$ + का + संज्ञा$_2$ (= स$_1$ का स$_2$) रचनाओं की पर्याप्त जटिल और समुन्नत व्यवस्था है जिसका इस भाषा की अभिव्यंजक संरचना से प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। इन रचनाओं में अवस्थित स$_2$–घटक अपने सहवर्ती स$_1$–घटकों की अर्थ-तात्विक वृत्तियों का निर्धारण करते हैं। यथा वाक्य संख्या (२७ २८) में

(२७) दुख अर बिखै रौ अधारौ नैड़ौ ई नी फरकैला।

(२८) माया रै अधारै म भटकै परमात्मा रै अखड उजास म अलघ उडाणा भर।

अवस्थित रचनाए दुख अर बिखै रौ अधारौ तथा माया रौ अधारौ ऐसी रचनाए हैं जिनम स$_1$–घटको दुख अर बिखौ तथा माया दोनों म अधारौ नामक तत्त्व अथवा गुण के अन्तर्निहित होने की सकल्पना विद्यमान है। यहाँ दुख अर बिखौ तथा माया पर अधारौ का मात्र वक्ता दृष्टिकोण से अध्यारोपण ही न होकर अर्थ-तात्विक दृष्टि से इन स$_1$–घटको की अन्धकारमयता (बौद्धिक कुण्ठाजन्य मानसिक स्थिति) का उद्घाटन किया गया है जो कि एक व्यावहारिक एव सामाजिक सत्य है। इन वाक्यो म आलकारिकता के साथ-साथ अंधारौ स$_2$–घटक द्वारा दुख अर बिखौ तथा माया नामक सकल्पनाओं का जो आविर्भूत मूर्तीकरण किया गया है, वह व्यावहारिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण तो है ही, किन्तु इसके अतिरिक्त राजस्थानी भाषा-भाषी समाज की रीति-नीतियो और मान्यताओं का निर्धारक साधन भी।

व्याकरणिक दृष्टि से दोना वाक्यो म फरकैला (२७) और भटकै (२८) क्रियापदो का चयन भी इनमे अवस्थित स$_2$–घटको से सम्बन्धित है।

स$_1$ का स$_2$ रचनाओं का, उनम अवस्थित स$_2$–घटका के प्रकार्यों के आधार पर, निम्न प्रकार से कोटि विभाजन किया जा सकता है

(क) गुणबोधक स$_1$ का स$_2$ रचनाए

(ख) बहुलताबोधक स$_1$ का स$_2$ रचनाए

(ग) स्वल्पताबोधक स$_1$ का स$_2$ रचनाए

(घ) सीमाबोधक स₁ का स₂ रचनाए

(ङ) माप निर्धारक स₁ का स₂ रचनाए

(च) विशिष्टिकृत स₁ का स₂ रचनाए

३ ५ १ गुणबोधक रचनाओं की वाक्यो म अवस्थिति के कतिपय उदाहरण नीचे सूचित किय जा रहे हैं।

(२९) सेवट मूंड री टोकरी ववराणी सा माथै ई ग्रावणी ही।

(३०) बीनणी मुळक री धार रै सागै मोसा री डक मारती बोली—थें को जाणो ई हो ?

(३१) नित हिवडै म विछोव री लाय लागै ग्रर उणनैं आंखियां रै पाणी सू नित बुझाणी पडै।

(३२) ववरा रै ग्रदीठ हुया राजा डग-डग हुमियो। विसरा करतो कैवण लागो—मोठी बोली री वासणी सू आरा खोटा करम खरा नी हुय सकै।

(३३) राजकवरी पैला तो थोडी मुळकी, पण तुरत मुळक नै रीस रै ढकणा सू ढाक दी।

(३४) गिरस्ती री ग्ररटियो गणण-गणण घूमण लागो।

३ ५ २ बहुलताबोधक रचनाओं की वाक्यो मे अवस्थिति के कतिपय उदाहरण नीचे सूचित किय जा रहे हैं।

(३५) वटा री उजियारो देख-देख वा बिलै रै मालरा रो ई भार ऊचाय सकै

(३६) ममोबा रा माखर गुडकावता-गुडकावता वे सेवट मामलै घडै माथै धूगा ई।

(३७) ग्रसमान जोगी वारै ग्रासुवा री लडिया देख डग-डग हसण ढूकै जकी ढबै ई नी।

(३८) ढोल मू सोरम री ममरोळा फूटै।

(३९) लोगा कैयो तो म्हनै भरोसो नी हुयो। निजरा सू पतवाणिया पछै हसो री तू ताडियां मतै ई छूटगी।

(४०) तूटियोडी टागा सू लोई रा रेला वहण लागा।

३ ५ ३ स्वप्ना-बोधक रचनाओं की वाक्यो मे अवस्थिति के कतिपय उदाहरण निम्नलिखित हैं।

(४१) दुख ग्रर बिलै रो तो पाछो सपनो ई नी ग्रायो।

(४२) उण दिन रै विजोग पछै की खायो-पीयो नी। आखिया मे नींद रो कस ई नी ग्रायो।

(४३) झमझम करता धरती माथै पग दियो पण कठै ई चानणं री तिरण ई निगै नी आई।

३ ५ ४ सीमा-बोधक रचनाम्रो की वाक्यो मे अवस्थिति के कतिपय उदाहरण निम्नलिखित हैं।

(४४) सो पेट रै प्रयाग खाडा नै भरण सारू वा मौत सू ई बता कळाप करिया जणै बुढ़ापै री माठ लग पूगी।

(४५) रीस री पौंदो फाटता ई उणरै होठा खिल-खिल हसी नाचण ढूकी।

(४६) वा री बाता सुणनै वेटी री रीस रो तळो आय ग्यो हो।

३ ५ ५ माप-निर्धारक रचनाम्रो की वाक्यो मे अवस्थिति के कतिपय उदाहरण निम्नलिखत हैं।

(४७) राजकवरी अपूठी ऊभी ही। कडिया रळकता सोना रा केस जाणै सूरज री किरणां री झूमको विखरियोडो।

(४८) हीरा-मोती, लाला अर गुलाल रो ढिग हुय ग्यो।

(४९) वेटी रै व्याव मेर ई उजास रो पुज दमकतो हो।

(५०) सुणी कै आपरी हवेली मे तो माया रा भडार भरिया।

(५१) बतूळिया रा गोट माथै गोट उठावतो, माटी रा गिडा ठोकरा सू उछाळतो दैत दो घडी दिन चढिया आपरी हवेली तो आयो इज।

(५२) सोगरा मे उदई रा ढेपा थेपडीज ग्या हा।

इसी कोटि की कतिपय अन्य रचनाए हैं—चिडियां री झूळ, गायां री छाग सिधणियां री झुड, पिणिधारिया री झूलरो हाडा री जान टाबरां री टोळ लुगायां री मेळो इत्यादि।

३ ५ ६ विशिष्टिकृत मूर्त्तता-बोधक रचनाम्रो के कतिपय उदाहरण निम्नलिखित हैं।

पीड री सळावौ	सुख रा दिन	मरदा री जात
हौल री उठाव	ईसका रा झपीड	सिंघा री जात
हरख री फु दिया	पवन रा लहरका	
आणद री ज्वार	मिनख री खोळियो	
रूप री झाळ	लुगाई री जमारो	
दरद री चटीडो	मसाण री ठायो	

३ ६ आमेडित संज्ञा अनुक्रमो के भाषा मे विविध प्रकार्य हैं। इस प्रकरण मे उनका सोदाहरण विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

(क) निम्नलिखित उदाहरणों में आम्रेडित संज्ञा अनुक्रमों का अर्थ है 'प्रत्येक अथवा एक-एक करके सब" (५३, ५४)।

(५३) झट अपळ-गपळ हुकम फरमाय दियौ कै बाजरी रौ बूंटौ-बूंटौ सूं द न्हाकौ।

(५४) पण आज रै दिन भाग फाटा पैली-पैली जद उणरी सासू घर-घर में जायनै सोगरा वाळी बात बताई तौ लोग सुणनै वगता हुय ग्या।

(ख) निम्न उदाहरण में आम्रेडित संज्ञा अनुक्रम का अर्थ है "बार-बार" (५५)।

(५५) महात्मा घडी-घडी कैंवतौ—भला मिनखा ! म्हारै हाथ में की सिद्धाई कोनी।

(ग) निम्न उदाहरणों में अवस्थित अनुक्रमों में प्रत्येकता अथवा समस्तता के साथ-साथ तीव्रता की ध्वनि भी विद्यमान है (५६, ५७)।

(५६) म्हैं अैड़ौ काई कसूर करियौ। वा ! म्हारी बोटी बोटी छून न्हाखौ पण म्हारै गुमान री रिछ्या करौ।

(५७) बादरा री फौदी-फौदी बिखरगी।

(घ) निम्न उदाहरणों में कथित क्रिया-व्यापार की मात्र आवृत्ति का उल्लेख है (५८, ५९)।

(५८) कबूतरा हरख सूं गुटरगूं-गुटरगूं करण लागा।

(५९) साप सळपट-सळपट करतौ पाछौ पीपळी माथै चढण लागौ कै नोळियौ पेर पूंछ पकडनै नीचौ ताणियौ।

(ङ) निम्न उदाहरणों में आम्रेडित संज्ञा अनुक्रम एक ही संज्ञा की आवृत्ति से उनके वाच्यार्थ में भेद की ध्वनि वर्तमान है (६०, ६१)।

५.६ विशेषणों से निर्मित आमेडित रचनाएं (जिनमें से कतिपय का उल्लेख संख्यावाचकों की रचना के प्रकरण में किया जा चुका है) भी अभिव्यंजक संरचना का अंग हैं। इनके कतिपय उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे हैं।

(१००) भोपणा भदारा कडबटीला। बोखौ मूडौ। नीचै लुलियोडौ तीखौ नाक। फाटोडी-फाटोडी आखिया।

(१०१) उण कवळै-कवळै उरणिया नै देखता ई उणरै लाळा पडण ढूकी।

(१०२) बनै री मा अर बडो मा चाकी पीसती थारी भूडी-भूडी बाता करती ही।

(१०३) दोना रै न्यारी-न्यारी आखिया है अर न्यारी-न्यारी जेता है।

री-अन्तर्निविष्ट आमेडित रचनाओं के भी कतिपय उदाहरण निम्नलिखित हैं।

(१०४) पाछौ रौ पाछौ गाव रपटू, म्हनै केई काम सारणा है।

(१०५) अठै औ ठोट रौ ठोट रै जावैला।

५.७ सार्वनामिक विशेषण कोई भिन्न शब्द रूपात्मक सवर्ग न होकर, सर्वनामों की विशेषण स्थानीय अवस्थिति पर आधृत उनके वाक्यविन्यासात्मक सवर्गीकरण का वाचक शब्द है। भाषा के समस्त सर्वनामों का विवरण प्रकरण संख्या (४) में किया जा चुका है। इसलिये उनके वाक्य विन्यासात्मक प्रकार्यों की मात्र सूची प्रस्तुत करके आवृत्ति करना न तो व्याकरणिक दृष्टि उपयुक्त है और न ही संरचनात्मक स्पष्टीकरण के लिए उपयोगी। इसलिए इस विषय का विवेचन वाक्यविन्यास विभाग में किया जायगा।

६. क्रिया

६ १ आ राजस्थानी क्रिया प्रकृतिया अपनी आंतरिक सरचना के अनुसार वर्गीकृत होती हैं और पक्ष, वृत्ति तथा काल आदि के वाचक प्रत्ययो से मुक्त होकर इनके समापिका क्रिया रूपो की रचना होती है। आन्तरिक सरचना के अन्तर्गत इनके प्रकृतिरूप निर्माण तथा वाच्यादि तत्त्वा का विवेचन आवश्यक होता है।

६ २ प्रकृतिरूप निर्माण के आधार पर क्रियाओ का निम्न वर्गों मे विभाजन किया जा सकता है

(क) अनुकरणात्मक क्रिया-प्रकृतिया, यथा कचरणो, घमीडणों, धरडणो, धरहडणो, धसमसणो, पपोळणो इत्यादि। इनका विशेष विवरण अनुकरणात्मक प्रातिपदको के रूपनिर्माण के अध्याय मे किया जायगा।

(ख) सज्ञा तथा विशेषण जात क्रिया प्रकृतिया, यथा

कोडावणो	अकुरणो	मीठावणो
मोलावणो	अणमणो	पूरणो
उजाडणो	अवेरणो	अधियारणो
उफाणणो	अफडणो	
उबाळणो	सिणगारणो	
खोतरणो	अेठणो	
डामणो	उथापणो	
खरचणो	उथाळणो	
डरणो	खीभणो	
ठगणो	आदेसणो	

(ग) क्रियाप्रकृति अनुक्रम, जो कि दो स्वतन्त्र क्रियाप्रकृतियो की पारस्परिक आसत्ति से व्युत्पन्न होते हैं यथा खावणो-पीवणो, खावणो-कमावणो, कमावणो-खावणो, कैवणो-सुणणो आदि।

(घ) यौगिक क्रियायें जिनमे सज्ञा अथवा विशेषण के साथ विशिष्ट रचनाग क्रियाओ की आसत्ति से क्रियाप्रकृति रूपो की रचना होती है। यथा राजी हूवणों, ध्यान राखणो, ध्यान लगावणो, सोच करणो, काबू राखणो इत्यादि।

(ङ) सयुक्त क्रियाए, जिनमे मूल क्रिया प्रकृतियो के साथ (जिनमे उपरोक्त वर्णित सभी वर्गों की क्रियायें तथा वर्ग (च) की क्रियायें भी सम्मिलित हो सकती हैं), कतिपय विवाग्क क्रियाग्रो की ग्रासक्ति होती है। यथा कवर जावणो, खा-पी लेवणो, काबू राख सकणो, निकळ जावणो, उमड ग्रावणो, छलक ग्रावणो, सुण चुकणो, ले पधारणो इत्यादि।

(च) मूल क्रियायें जिनके ग्रन्तर्गत् मात्र क्रियाप्रकृति शब्दा को सम्मिलित किया जाता है। यथा जावणो, ग्रावणो बैठणो, देखणो, राखणो इत्यादि।

(छ) $कि_1$–$कि_2$ क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रम जिनमे ग्रन्य विविध ग्रनुक्रमो यथा छोडणो चावणो, बोलणो ग्रावणो, कूटण समणो, कूटण लागणो, ग्रावणो पडणो ग्रादि को सम्मिलित किया जा सकता है। इस कोटि के ग्रन्तगत् ग्रन्य ग्रनेक प्रकार के $क्रि_1$–$क्रि_2$ ग्रनुक्रम भी हैं। इन सबका विवरण प्रकरण सख्या (६ १४) मे किया जायगा।

६ ३ ग्रा राजस्थानी क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रमो मे रूप एव ग्रर्थ की दृष्टि से निम्न कोटियो की रचनाग्रो को सम्मिलित किया जा सकता है।

(क) सम्बन्धित क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रम
(ख) पर्यायवाची क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रम
(ग) विपर्यायी क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रम
(घ) ग्रा- क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रम
(ङ) प्रतिध्वन्यात्मक क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रम
(च) इतर क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रम

६ ३ १ सम्बन्धित क्रियाप्रकृति ग्रनुक्रमो मे पूर्ववर्ती क्रियाप्रकृति द्वारा वाचित क्रिया-व्यापार का उसके ग्रनुवर्ती गौण क्रियाप्रकृति के क्रिया व्यापार से प्रचलित व्यवहार की दृष्टि से सम्बन्ध होता है, ग्रौर दोनो क्रियाप्रकृतियो का ग्रर्थ, कोश मे प्रदत्त ग्रर्थों के ग्रनुसार होते हुए भी, मात्र उनका योगफल नहीं होता। यथा, खावणो-पीवणो ग्रनुक्रम का सामान्य ग्रर्थ है 'खाने तथा पीने के क्रिया-व्यापार मे प्रवृत्त होना।" यह ग्रर्थ कोश मे प्रदत्त इन क्रियाग्रो के पृथक पृथक ग्रर्थों के योगफल पर ग्राधारित तो है परन्तु सम्पूर्ण ग्रनुक्रम खावणो पीवणो का वास्तविक ग्रर्थ नही माना जा सकता (१)।

(१) लुगाई हू, लुगाई रा दुख-दरद नै जाणू हू। म्हारो घरम बिगडियो, म्हारा बस थका थारो नी बिगडण दू। इण घर मे थारो अजळ है, सीर-सस्कार है, थारी मरजी व्है ज्यू खा-पी। थनै कुण ई ग्रोडो देवणियो नी। लक्खी री बाता सुणनै बामणी रा जीव मे जीव ग्रायो।

उपरोक्त उदाहरण मे खावणो-पीवणो के सामान्य अर्थ के अतिरिक्त यह अर्थ भी है कि "तुम निश्चिन्त होकर मेरे घर मे रहो" इत्यादि।

एक ही क्रियाप्रकृति अनुक्रम के भाषा मे विविध प्रसगानुसार विविध अर्थ भी हो सकते हैं। खावणो-पीवणो अनुक्रम की निम्न अवस्थितियो मे इसके क्रमश अर्थ हैं 'किसी की खातिरदारी करना (२)" तथा 'किसी के गृह मे अव्यवस्था का होना (३)" इत्यादि।

(२) खावण पीवण री सगळी माकूल इतजाम पैली सू हुयोड़ो हो।

(३) म्हारा तो सगळा खाणा-पीणा ई छूटग्या।

कई सम्बन्धित क्रियाप्रकृति अनुक्रमो के दोनो अगो मे क्रमभेद से अर्थभेद भी होता है (४, ५)।

(४) जका मैनत कर कमावै-खावै, सभ्यता ग्रौर मिलणसारी नै समझै। गुणा री कदर करै, मिनखा री अदब करै।

(५) हाल बिचिया कवळा है। खावण-कमावण जोगा हुया पैली जे थू दुभात लायनै घरे बैठाण दी तो टाबरा री काई गत बिगड़ैला, इणरो थनै की अदाज है।

उपरिलिखित वाक्यो म कमावणो-खावणो (४) का सामान्य अर्थ है "कुछ वृत्ति, व्यापार आदि करना," और खावणो-कमावणो (५) का सामान्य अर्थ है "स्वतन्त्र जीवन व्यतीत करने के योग्य हो जाना" इत्यादि।

६ ३ २ पर्यायवाची क्रियाप्रकृति अनुक्रमो के दोनो अग प्राय एक-दूसरे के पर्याय-वाची होते हैं। यथा उछळणो-फादणो, उछलणो कूदणो घूमणो-फिरणो, लड़णो-झगड़णो, लोवणो पोतणो, जाणणो-बूझणो इत्यादि। अर्थ की दृष्टि से इन अनुक्रमो को समअकोटि अनुक्रमो की सज्ञा से अभिहित किया जा सकता है (६,७)।

(६) लोग-बाग काई देख्यो कै सूवटा री तूटोड़ी टाग रै समचै ई राणी री दूजोड़ी टाग तूटनै अळगी जाय पडी। राणी हेटै गुडगी। तूट्योड़ी टागा सू लोई रा रेला बहण लागा। जोम म अठी-उठी उछळती-फादती री।

(७) जवाई जीमै है, लुगाया गीत गावै है, अर टाबर-टीगर *उछळता-कूदता* किलोळ करै है।

६ ३ ३ विपर्यायवाची क्रियाप्रकृति अनुक्रमो के दोनो अग प्राय एक-दूसरे के *विपर्याय होते हैं। यथा* आवणो-जावणो, घटणो बढणो उळझावणो सुलझावणो बणणो-बिगड़णो, चढणो-उतरणो इत्यादि। अर्थ का दृष्टि से इन अनुक्रमो को विपर्याय समिश्र-कोटि अनुक्रमो की सज्ञा से अभिहित किया जा सकता है (८)।

(८) इण भात रै नवा विचारा रा काचौ सूत उळझावतौ-सुळझावतौ वा उठै पूगी तौ राजकवरी पूछ्यौ— भुवा जी, आज मोडा घणा आया। घूमण नै अळगी भाय गिया काई ?

६ ३ ४ आ-क्रियाप्रकृति अनुक्रमो की रचना मुख्य क्रिया के साथ उसी से निर्मित आ-प्रेरणार्थक रूप की आसत्ति से होती है। यथा, करणौ-करावणौ, फुरणौ-फुरावणौ इत्यादि। अर्थ की दृष्टि से इस कोटि के अनुक्रम भी समिश्र अर्थवाची रचनाए हैं (९)।

(९) रामा-सामा कर-कराय'र, बामण कैयौ इज–स्याळ भाई, आज तौ अेक बात माथै म्हारै दूंना रै भोड हुयगी।

६.३ ५ प्रतिध्वन्यात्मक क्रियाप्रकृति अनुक्रमो की रचना मुख्य क्रिया के साथ उसी से निर्मित उसके प्रतिध्वन्यात्मक रूप की आसत्ति से होती है। यथा, छागणौ-छूगणौ, घूमणौ-घामणौ, लिखणौ-विखणौ, इत्यादि।

६ ३ ६ इतर क्रियाप्रकृति अनुक्रमो मे सामान्यत ऐसी रचनाओ को सम्मिलित किया जा सकता है जिनका द्वितीय अग भाषा मे स्वतन्त्र क्रिया के रूप मे अवस्थित नही होता। यथा, परणणौ पालणौ, मागणौ-तागणौ, मिळणौ-जुळणौ, इत्यादि।

६ ४ अन्य भारतीय आर्य भाषाओ के समान आ राजस्थानी मे भी क्रिया-नामिक पदबन्धो (सज्ञा$_2$ + परसर्ग + सज्ञा$_1$ अथवा संज्ञा$_2$ + परसर्ग + गुणवाचक विशेषणो) के साथ रचनाग क्रियाओ की आसत्ति से विविध प्रकार की *क्रिया-व्यापार बोधक* रचनाए होती हैं, जिन्हे सामान्यत यौगिक क्रियाओ की सज्ञा से अभिहित किया जाता है। जैसा कि उपरोक्त परिभाषा से स्पष्ट है, इन यौगिक क्रियाओ के दो मुख्याग होते हैं— (क) क्रियानामिक पदबन्ध तथा (ख) रचनाग क्रिया। यथा, ध्यान सज्ञा को सज्ञा$_1$ (=स$_1$) मानकर, इससे निर्मित यौगिक क्रियायें हैं, स$_2$ रौ ध्यांन आवणौ, स$_2$ रौ ध्यांन लगावणौ, स$_2$ सारू ध्यान लगावणौ, सं$_2$ रौ ध्यान करणौ, सं$_2$ रौ ध्यान देवणौ, सं$_2$ माथै ध्यान देवणौ, सं$_2$ रो ध्यान राखणौ, स$_2$ रो ध्यान रैवणौ, सं$_2$ रै वास्तै ध्यान धरणौ, सं$_2$ रो ध्यान छोडणौ, स$_2$ नै ध्यान बवणौ, इत्यादि। इमी प्रकार सं$_2$ + परसर्ग + राजी क्रियानामिक पदबन्ध को (जिसमे स$_1$ के स्थान पर विशेषण राजी को अवस्थिति हुई है) सातत्य मानकर, इससे निर्मित यौगिक क्रियाओ के उदाहरण हैं सं$_2$ माथै राजी हुवणौ, स$_2$ सू राजी हुवणौ, स$_2$ रै सारू राजी हुवणौ, स$_2$ नै राजी करणौ, सं$_2$ नै राजी राखणौ, स$_2$ माथै राजी रैवणौ, इत्यादि।

इन दोनो कोटियो के उदाहरणो मे क्रमश ध्यान सज्ञा और राजी विशेषण का क्रियाकरण हुआ है। इसके साथ-ही-साथ यह तथ्य भी द्रष्टव्य है कि एक ही क्रियानामिक पदबन्ध के साथ विविध रचनाग क्रियाओ की अवस्थिति हो सकती है, और एक ही रचनाग क्रिया के साथ विविध क्रियानामिक पदबन्धो की।

६ ४ १ यौगिक क्रियाओ मे अन्य समस्त अगो का सातत्य होने पर भी परसर्गो की अवस्थिति म विभेद होने पर विविध रूप से सूक्ष्म अर्थ-भेद हा जाता है (१०, ११)।

(१०) कोई अबूझ बाळक सोनै मू लदियोड़ो अेकलोई घर्के पड जावै तौ ठग सपना मे ई उण बाळक रै साथै धोखो नीं करै।

(११) ईया कर कर केई बिळिया बूढा-वडेरा नै धोखो दीनो, धूवै मू उलटी करी ग्रर होकै रो पाणी गिटियो।

इन वाक्यो मे स$_1$-सज्ञा धोखो के अर्थ मे परसर्ग रै साथै (१०) और नै (११) के आधार पर जा सूक्ष्म अर्थ-भेद हुआ है वह स्वत स्पष्ट ही है।

६ ४ २ क्रियानामिक पदबन्धो म अवस्थित स$_1$—सज्ञाए सामान्यतया भाववाचक होती हैं जैसा कि उपर के उदाहरणो से स्पष्ट है। किन्तु वस्तुवाचक स$_1$—सज्ञाओ की इन परिसरो मे अवस्थिति पर विशेष प्रतिबन्ध नही है। वस्तुवाचक स$_1$—सज्ञाए दो प्रकार की होती हैं —(क) शारीरिक अग नाम बोधक तथा (ख) आधारवाचक अभिव्यजक सज्ञाए।

शारीरिक अग नाम बोधक सज्ञाओ की अवस्थिति के कतिपय उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

(१२) सावळ कान देयनै सिंघ री हौकारा सुणी तौ वानै सता रै मुकाम सू ई आवती सुणीजी।

(१३) जद बाप ई आखिया फेर लो तौ पछै फूनक्वर किण आगे मुरझायोड़ै हिवड़ै रो सताप परगट करै।

उपरोक्त वाक्यो मे कान देवणो (१२) तथा आखिया फेर लेवणो (१३) दोनो यौगिक क्रियाए हैं जिनमे कान सज्ञा श्रवण तथा आखिया दृष्टि की प्रतिस्थानीय है। ये दोनो यौगिक क्रियाए क्रमश ध्यानपूर्वक सुनने तथा किसी के प्रति घृणा आदि भावो की अभिव्यक्ति कर रही हैं।

गुणवाचक अभिव्यजक रचनाओ के अनेक उदाहरण प्रकरण सख्या (३ ५ १) म दिये जा चुके हैं। नीचे एक और उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है (१४)।

(१४) घर रो मिनख ई जद लाज री बाढ लाधै तौ पछै कुण उणरो रुखिया कर सकै।

इस वाक्य मे अवस्थित यौगिक क्रिया लाज री बाढ लाधणो मे स$_2$—सज्ञा बाढ गुणवाचक अभिव्यजक सज्ञा है और समस्त यौगिक क्रिया के अर्थ "किसी से निन्दनीय अथवा शर्मनाक व्यवहार करने" के आधार पर इस वाक्य म बाढ शब्द का प्रयोग सर्वथा सगत है।

यौगिक क्रियाओं में वस्तुवाचक $स_1$–संज्ञाओं की अवस्थिति तत्सम्बन्धी संकल्पनाओं की विविध आविर्भावनाओं से सम्बन्धित होती हैं और उपरोक्त प्रकार के वाक्यों में इनका अर्थ कोश में दिये अर्थ से भिन्न हो जाता है।

६.४.३ कई यौगिक क्रियाओं के संरचना की दृष्टि से एकाधिक रूप भी भाषा में उपलब्ध होते हैं। यथा $स_2$ रै माथै काबू राखणौ (१५) तथा $स_2$ नै काबू में राखणौ (१६)।

(१५) थारै वेचेतै हुता हूं म्हनै रीस तो अणूती आई पण मन माथै काबू राखियौ।

(१६) आज पोहरे री बात इत्ती खारी लागै तौ पैला मन नै काबू में राखणौ हो।

इसी प्रकार के कुछ अन्य उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे हैं।

(१७ क) $स_2$ रै माथै कब्जौ कर लेवणौ

(१७ ख) $स_2$ नै कब्जै मैं कर लेवणौ

(१८ क) $स_2$ नै इनाम देवणौ

(१८ ख) किणी नै $स_1$ इनाम में देवणौ

(१९ क) $स_2$ नै रीस आवणौ

(१९ ख) $स_2$ रौ रीस में आवणौ

अनेक रचनाओं, यथा धोखे में आवणौ, काम (में) आवणौ धोखे में रैवणौ आदि के मूल $स_2$ + परसर्ग + $स_1$ + रचनागत क्रिया रूप भाषा में उपलब्ध नहीं होते।

अनेक यौगिक क्रियाओं (यथा, किणी री आदर करणौ) के प्रतिस्थानीय क्रिया पदबन्ध भी (यथा, किणी नै आदरणौ) आदि भाषा में उपलब्ध होते हैं। इस प्रकार के अतिरिक्त उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे हैं (२०-२३)।

(२० क) किणी री रुखाळी करणौ

(२० ख) रुखाळणौ

(२१ क) किणी री पिछाण करणौ

(२१ ख) पिछाणणौ

(२२ क) पूरो करणौ

(२२ ख) पूरणौ

(२३ क) किणी रै माथै रीस आवणौ/करणौ

(२३ ख) रिसावणौ

६ ४ ४ सकर्मक और अकर्मक यौगिक क्रियाओं के कई युग्मों में रचनाग क्रियायें भिन्न-भिन्न भी होती हैं (२४-२६)।

सकर्मक यौगिक क्रिया	अकर्मक यौगिक क्रिया
(२४) स₂ नै नसीयत देवणौ	म₂ नै नसीयत मिलणौ
(२५) स₂ में सळ घालणौ	स₂ में सळ पड़णौ
(२६) स₂ रौ पिदड़कौ काढणौ	स₂ रौ पिदड़कौ निकळणौ

उपरोक्त उदाहरणों में क्रमश देवणौ. मिलणौ, घालणौ पड़णौ तथा काढणौ निकळणौ रचनाग क्रियायें एक-दूसरे की सकर्मक अकर्मक प्रतिस्थानीय हैं। यह प्रवृत्ति भाषा में यौगिक क्रियाओं तक ही सीमित है।

६ ५ संयुक्त क्रियाओं द्वारा किसी भी क्रियाप्रकृति के वाच्य व्यापार की विशिष्ट आविर्भावनाओं का विवरण प्रस्तुत किया जाता है। उक्त आविर्भावनाओं के विविध पक्षों अथवा प्रावस्थाओं की अभिव्यक्ति एव इन दोनों के प्रति वक्ता के दृष्टिकोण की अभिव्यजना, मुख्य क्रिया से आसक्त विवारक क्रियाओं द्वारा होती है।

आ राजस्थानी विवारक क्रियाओं को तीन कोटियों में विभाजित किया जा सकता है—(क) पक्ष विवारक क्रियाए (ख) प्रावस्था विवारक क्रियाए, तथा (ग) अभिव्यजक विवारक क्रियाए। इन तीनों कोटियों की विवारक क्रियाओं का उनके प्रकार्यों एव उदाहरणों सहित विवरण नीचे प्रस्तुत किया जा रहा है।

विवारक क्रियाओं के साथ अवस्थिति के आधार पर समस्त राजस्थानी क्रिया-प्रकृतियां के दो विभाग हैं—(क) व्यजनात (यथा कर–, जाण–, ऊठ– इत्यादि), और (ख) स्वरान्त (यथा आ–, जा– खा– पी–, हू– इत्यादि)। विवारक क्रियाओं के साथ अवस्थिति होने पर समस्त स्वरान्त क्रियाप्रकृतियां के साथ –य का आगम हो जाता है, यथा आय सकणौ, जाय चुकणौ, खाय लेवणौ, पीय जावणौ हूय सकणौ इत्यादि। कभी-कभी इस नियम के अपवाद भी मिल जाते हैं किन्तु इन अपवादों के होते हुए भी य–आगम को वैकल्पिक नहीं माना जा सकता।

६ ५ १ आ राजस्थानी की पक्ष विवारक क्रियाए निम्नलिखित हैं।

(१) शक्यताबोधक
- सहजता अथवा
- अध्यवसिति वाचक — सकणौ (२७-३१)।

(२) प्रक्रमबोधक
- नैरन्तर्यवाचक — रहणौ (३२, ३३)।
- समापनवाचक — चुकणौ (३४)।

(३) सक्रमणबोधक
    अवसितिवाचक   आवणो (३५, ३६)।
    पर्यवसितिवाचक   जावणो (३७ ३८)।

(४) सक्रमणबोधक
    स्वनिमित्तवाचक   लेवणो (३९ ४०)।
    परनिमित्तवाचक   देवणो (४१ ४२)।

इन पक्ष-विकारको की वाक्यो मे अवस्थिति के उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे है।

(२७) गोफणवाळी रै डर आगै वा उणरै रूप नै सावळ निरख ई नी मकियौ। उणियारा रै माम्ही जोवण रो होमा नी हुई।

(२८) झूठ नी बोलिया तौ बाणिया बिणज ई नी कर सकै, पछै उणरै ता चोरी रो धधो हौ।

(२९) उण मिथ रै मित्त वा पेफावती राणी री माया ही। नीतर बापडा सिंघ री काई जिनात के घोडा सू आगै जाय सकै।

(३०) च्यारू रा भाग अेडा माडा नी हुय मकै। राम जाणै काल रो सूरज काई बधाई लावै। इण धात री घडी भर पैला किणनै बेरो हौ। अणचीत्यौ दुख प्रगटै तौ अणचीत्यौ मुख ई तूठ मकै।

(३१) अर उठी च्यारू वीदणियां नै औ पक्को विस्वास हो कै जको मोटियार पैंफ रा फूल लाय सकै वो यू सोरै सास मरणियौ कोनी।

(३२) आयनै राणी नै कैयौ–राजा तौ आज दूजौ ब्याव कर रिया है, जको औ पहलै रौ सैंमान लेयनै जाय रियौ हू।

(३३) पण आपरो ब्याव म्हानै कबूल है। म्हे दूना ई राजौ कुसौ आपनै पच थाप रिया हा।

(३४) की तौ गाववाळा पैली सू ई उण रै बारै मे केई बाता सुण चुका हा।

(३५) मा-बेटी नै रोवता देख उणरी आखिया मे आसू छळक आया।

(३६) आप जैडै तपसो री सेवा रौ मौकौ म्हानै फेर कद बण आवैला।

(३७) अबै किणी भात रो चढावौ कै भेंट आवती तौ आधो उण रा सासरिया लेय जावता, अर आधो ठिकाणै तालकै हुय जाती।

(३८) पण थारै बिना म्हारो जीव फडका चढ जावै।

(३९) वो सगळी बस्ती नै हाथ जोडतो बोलियौ– थे तौ सगळा म्हनै उठता ई रौड लियौ।

(४०) भर ठाकर सा जे भो सोच लियो कै म्हैं हवा मे भधर उडतो जाय सकूं तो वे घोडो देवैला ई कोनी ।

(४१) साथणिया बीदणी नै धक्को देय मेडी माम रोड दी ।

(४२) चिडी तो भापगे चाव मे ऊंदरी री पूंछ पकडनै भट करती रा बारै काढ दी ।

६.५ २ भा राजस्थानी की प्रावस्था विवारक क्रियाए निम्नलिखित हैं ।

(५) उत्क्रमण बोधक

भावेगात्मक	ऊठणो (४३) ।
सवेगात्मक	बैठणो (४४,४५) ।

(६) भवक्रमण बोधक

भाकस्मिक	पडणो (४६,४७) ।
भनाकस्मिक	न्हाखणो (४८) ।

(७) सीमाक्रमण बोधक

भारम्भ माणोत्तर	चालणो (४९,५०) । हालणो
समापणपूर्व	छूटणो (५१) ।

(८) उपक्रमण बोधक

प्रत्यक्ष	रखणो (५२,५३) ।
परोक्ष	छोडणो (५४) ।

उपरोक्त विवारक क्रियाओ की वाक्यो मे भवस्थिति के उदाहरण निम्नलिखित हैं ।

(४३) जै जै कारा सू कोट गूंज ऊठियो । भिरोखै मे बैठी लुगाया ई सता री जै बोली ।

(४४) ' वानै कैयो कै भापारा भूवाजी कठै ई भापा रै सागै घात नी कर बैठै ।

(४५) भै लुगाया तो सगळी दुनिया नै ई ले बैठेला ।

(४६) उणरी आखिया मे भासू उमड पडिया ।

(४७) इण भात बदळीजियोडै दिन-राता रो गेडो भकय भाणद रै सागै घूमतो हो कै भणछक भेक भज भाय पडियो ।

(४८) वो तो पछै भलो सोची नीं कोई भू डो, वेद व्याम नै भापरै दोनू हाथां भाल उणरी घाटी मरोड न्हाखी ।

(४९) म्हनै राज-दरबार मे ले चालो म्हैं इणरो म्यानौ बतावू ला।

(५०) पैली सटके देणी रा थे म्हनै थारी घुरकाळ खनै ले हालौ।

(५१) तद वो नागी तरवार लेय कायर री क्ळाई भाग छूटौ।

(५२) पगरखिया कादै मे धसण कारण डावै हाथ मे झेल राखी ही।

(५३) थे म्हानै काई समझ राखिया हो।

(५४) सत राव चोरियोडा खजाना री पाई री पाई चोरा खनै सू खोसनै आपरै मुकाम मे जावतै सू राख छोडी ही।

६ ५ ३ आ राजस्थानी की अभिव्यजक विवारक क्रियाए निम्नलिखित हैं।

(९) सक्रमण बोधक
अवसिति अथवा
पर्यवसिति वाचक पधारणौ (५५)।

(१०) सक्रमण बोधक
स्वनिमित्तवाचक लिरावणौ (५६)।
परनिमित्तवाचक दिरावणौ (५७,५८)।

(५५) आपरी दाय पडै जित्ता नगीना ले पधारौ।

(५६) चेलौ तुरत जवाब दियौ— बाप जो, आखिया मीच लिरावौ, आपै ई अधारो हुय जावैला।

(५७) आप फोडा नी खावणो चावौ तौ म्हनै मया बगसाय दिरावौ, म्हैं तोड लावू।

(५८) तद राजकवर कैयौ— अबारू तौ म्हारै की नी चाहीजे। फगत दूध रो मया कर दिरावौ तौ जाणै आखी दुनिया रौ राज भरपायौ।

६ ६ मूल क्रियाप्रकृतियो के अतिरिक्त कतिपय विवारक क्रियाओ की अवस्थिति पूर्णतावाचक तथा अपूर्णतावाचक कृदन्तो के साथ भी होती है।

पूर्णतावाचक कृदन्त परक रूपो के साथ अवस्थित होने वाली विवारक क्रियाए हैं **आवणौ** (५९,६०) तथा **रैवणौ** (६१,६२)।

(५९) चितारण रै समचै ई दौडिया आवाला। हाथिया रो सिरदार इण नैनै सैं'क ऊदरियै रो बाल सुणनै डगडग हमियो।

(६०) इण अबखी वेळा मे हाथी उणनै याद करियौ। याद करता ई ऊदरा रो सिरदार तौ न्हाटौ आयौ।

(६१) अेक वार लोग उखड गया तो पछै बस मे करणो दोरो है। राज-काज सभाळण मे हरदम खुडको बणियो रैवेला।

(६२) गवाळियो अेक लाठी डाग लेयनै लुकियोडो बैठो रियो।

अपूर्णतावाचक कृदन्त परक रूपो के साथ प्रवस्थित होने वाली विवारक क्रियाए हैं आवणो (६३), जावणो (६४) तथा रैवणो (६५)।

(६३) छान रै माय ऊभा रा गाभा आला व्है जको थे तो मारग चालता आया।

(६४) हाथिया रो सिरदार आपरै पगा सू धूड नै खूदतो गयो।

(६५) वो भगती भाव सू झूमतो रियो अर बस्ती रा मगळा लोग ई घाटिया हिलावता रिया।

६.७ वाच्य के आधार पर आ राजस्थानी क्रियाप्रकृतियो के निम्नलिखित शब्द-रूपात्मक सवर्ग स्थापित किये जा सकते हैं।

(क) –ईज प्रत्यय युक्त मूल भाववाच्य क्रियाए, यथा **उपरीजणो, कदीजणो, घैळीजणो, चूंघीजणो, गोटीजणो, कजळालइजणो, गैळीजणो, कांबीजणो, गदीजणो, गरमीजणो, तुईजणो, थाबीजणो, नजरीजणो, पसीजणो** इत्यादि।

(ख) मूल अकर्मक क्रियाए जिनके सकर्मक प्रतिरूप भाषा मे उपलब्ध नही होते, *यथा* ***आवणो, जावणो, सूवणो, जागणो, डूबणो*** *इत्यादि।*

(ग) अकर्मक वाच्य क्रियाए जिनके सकर्मक वाच्य प्रतिरूप विविध प्रक्रमो द्वारा व्युत्पन्न होते है। क्रियाओ के निम्न वर्ग हैं।

(१) व्यजनात अकर्मक क्रियाप्रकृतिया जिनके मध्यवर्ती –अ– के स्थान पर –आ– का आदेश करके सकर्मक वाच्य प्रतिरूप निर्मित होते हैं।

अकर्मक वाच्य रूप	**सकर्मक वाच्य प्रतिरूप**
अकणो	आकणो
अजणो	आजणो
कटणो	काटणो
कतणो	कातणो
खचणो	खाचणो
गळणो	गाळणो
गठणो	गाठणो

(२) व्यजनात अकर्मक क्रियाप्रकृतिया जिनके मध्यवर्ती –इ– के स्थान पर –ए– का आदेश करके सकर्मक वाच्य प्रतिरूप निर्मित होते हैं।

अकर्मक वाच्य रूप	सकर्मक वाच्य प्रतिरूप
खिरणौ	खेरणौ
घिरणौ	घेरणौ
टिकणौ	टेकणौ

(३) व्यंजनांत अकर्मक क्रियाप्रकृतियां जिनके मध्यवर्ती –उ– के स्थान पर –ओ– का आदेश करके सकर्मक वाच्य रूप निर्मित होते हैं।

अकर्मक वाच्य रूप	सकर्मक वाच्य प्रतिरूप
कुरणौ	कोरणौ
घुटणौ	घोटणौ
घुळणौ	घोळणौ
चुभणौ	चोभणौ
चुळणौ	चोळणौ
जुडणौ	जोडणौ
टुळणौ	टोळणौ
खुबणौ	खोबणौ

(४) व्यंजनांत अकर्मक वाच्य क्रियाएं जिनके मध्यवर्ती –इ– के स्थान पर –ई– अथवा –उ– के स्थान –ऊ– का आदेश करके सकर्मक वाच्य प्रतिरूप निर्मित होते हैं।

अकर्मक वाच्य रूप	सकर्मक वाच्य प्रतिरूप
चिरणौ	चीरणौ
पिसणौ	पीसणौ
पिटणौ	पीटणौ
हुनणौ	हूनणौ
पुछणौ	पूछणौ
लुटणौ	लूटणौ

(५) व्यंजनांत अकर्मक वाच्य क्रियाओं के उपान्त्य –अ– के स्थान पर दीर्घ –आ– का आदेश करने से उनके सकर्मक वाच्य रूप निर्मित होते हैं।

अकर्मक वाच्य रूप	सकर्मक वाच्य रूप
अवतरणौ	अवतारणौ
उखड़णौ	उखाडणौ
उद्धरणौ	उद्धारणौ

(६) कई –अ– स्वरान्त अकर्मक वाच्य क्रियाओं में –अ के स्थान पर –आव का आदेश करने से उनके सकर्मक वाच्य रूप निर्मित होते हैं।

अकर्मक वाच्य रूप	सकर्मक वाच्य रूप
उगणौ	उगाणौ~उगावणौ
उचकणौ	उचकाणौ~उचकावणौ
खमकणौ	खमकाणौ~खमकावणौ
गिरणौ	गिराणौ~गिरावणौ

(घ) अनेक सकर्मक वाच्य क्रियाएं ऐसी हैं जिसके अकर्मक वाच्य रूप भाषा में उपलब्ध नहीं है। यथा करणौ, लिखणौ, देवणौ, लेवणौ, न्हाखणौ इत्यादि।

(ङ) अनेक अकर्मक वाच्य क्रियाओं के सकर्मक वाच्य प्रतिरूप उपरिलिखित नियमानुसार निर्मित नहीं होते।

अकर्मक वाच्य रूप	सकर्मक वाच्य प्रतिरूप
बिकणौ	बेचणौ
टूटणौ	तोडणौ
फूटणौ	फोडणौ
छूटणौ	छोडणौ
दुडणौ	दोडणौ
धुपणौ	धोवणौ
बिखरणौ	बिखेरणौ
निमणौ	नामणौ
निवडणौ	निवेडणौ

(च) अनेक क्रियाप्रकृतियां ऐसी हैं जिनकी अकर्मक एवं सकर्मक दोनों वाच्यों में, बिना किसी व्याकरणिक प्रतिबन्ध के, अवस्थिति होती है। ऐसी क्रियाओं के अन्तर्गत अनुकरणात्मक (विशेष रूप से –आ प्रत्यय) संज्ञा तथा विशेषण-जात क्रियाओं को भी सम्मिलित किया जा सकता है। इस कोटि की क्रिया-प्रकृतियों के कतिपय उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

खटखटावणौ	आदरणौ
फडफडावणौ	भूलणौ
खडखडावणौ	मलापणौ
तगतगावणौ	मावणौ
भणभणावणौ	भरणौ
झपझपावणौ	पलटणौ
टमटमावणौ	बदलणौ
मुळमुळावणौ	उलटणौ
छटपटावणौ	
जगमगावणौ	

(छ) अनेक क्रियाप्रकृतियों के एकाधिक रूप भाषा में प्रचलित हैं।

दीसणौ~दीखणौ~दीठणौ
बैसणौ~बैठणौ
डरणौ~डरपणौ
खदबदणौ~खदबदावणौ
जगमगणौ~जगमगावणौ
डगमगणौ~डगमगावणौ
हड़बड़णौ~हड़बड़ावणौ

६ ७ १ प्रकरण संख्या (६ ७) में (ग ६) कोटि की सकर्मक क्रियाप्रकृतियों के –आ और –आव अन्त्य वैकल्पिक परिवर्तों का उल्लेख किया गया है। वस्तुतः भाषा का सामान्य नियम है कि प्रत्येक –आ अन्त्य मूल अथवा व्युत्पन्न क्रियाप्रकृति का एक अन्य –आव अन्त्य वैकल्पिक परिवर्त होता है। इस प्रकार की क्रियाप्रकृतियों के कतिपय अन्य उदाहरण नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

आणौ~आवणौ
जाणौ~जावणौ
लगाणौ~लगावणौ
उठाणौ~उठावणौ
अटकाणौ~अटकावणौ
रमाणौ~रमावणौ
रखाणौ~रखावणौ
गवाणौ~गवावणौ

६ ८ आ राजस्थानी क्रियाप्रकृतियों के साथ पक्ष, वृत्ति, तथा काल आदि तत्त्वों के बोधक प्रत्ययों के योग से इनके समापिका क्रियारूप निर्मित होते हैं।

पक्ष, वृत्ति, काल आदि तत्त्वों के अतिरिक्त क्रियारूपों के साथ कर्ता अथवा कर्म के बोधक तत्त्व पुरुष, लिंग आदि भी अन्वय द्वारा सन्निहित रहते हैं।

६ ८ १ समापिका क्रियारूपों में विन्यस्त समस्त तत्त्वों की व्यवस्था को समझने के लिए यह आवश्यक है कि आ राजस्थानी क्रिया रूपावली का रचनात्मक वर्गीकरण करके, उसमें अन्तर्निहित परिच्छेदक अभिलक्षणों का विश्लेषण प्रस्तुत किया जाए। रचनात्मक वर्गीकरण की दृष्टि से समस्त आ राजस्थानी समापिका क्रियारूपों को चार कोटियों में विभक्त किया जा सकता है।

(क) पूर्णतावाचक कृदन्त से निर्मित क्रियारूप
(ख) अपूर्णतावाचक कृदन्त से निर्मित क्रियारूप

(ग) कृदन्त विशेषण से निर्मित क्रियारूप
(घ) क्रियाप्रकृति से निर्मित क्रियारूप

६८११ पूर्णतावाचक कृदन्त की रचना क्रियाप्रकृति के साथ –यौ अथवा –इयौ प्रत्यय के योग से होती है। समस्त –आ प्रत्यय क्रियाप्रकृतियों के साथ –यौ का योग होता है और समस्त व्यंजनान्त क्रियाप्रकृतियों के साथ –इयौ का। इस प्रकार निर्मित पूर्णतावाचक कृदन्तों के लिंगवचनानुसार रूप नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं। इन रूपों में उगाणौ क्रिया को –आ प्रत्यय क्रियाप्रकृतियों का और उतरणौ क्रिया को व्यंजनान्त क्रियाप्रकृतियों का प्रतिनिधि मानकर रूप प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

इस विषय में कतिपय अपवाद भी हैं। उनका उल्लेख नीचे किया जा रहा है।

क्रियाप्रकृति	एकवचन		बहुवचन	
रूप	पुंल्लिंग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिंग	स्त्रीलिंग
उगा–	उगायौ	उगाई	उगाया	उगाई
उतर–	उतरियौ	उतरी	उतरिया	उतरी

कई क्रियाप्रकृतियों के पूर्णतावाचक कृदन्त रूप अनियमित होते हैं। यथा

जा–	ग्यौ	गी	ग्या	गी
दे–	दीनौ	दीनी	दीना	दीनी
ले–	लीनौ	लीनी	लीना	लीनी
कर–	कीनौ	कीनी	कीना	कीनी

६८१२ अपूर्णतावाचक कृदन्त की रचना क्रियाप्रकृति के साथ –तौ प्रत्यय के योग से होता है। स्वरान्त क्रियाप्रकृतियों में –तौ के योग से पूर्व –वा– का आगम हो जाता है।

अपूर्णतावाचक कृदन्त के लिंगवचनानुसार रूप नीचे उद्धृत किये जा रहे हैं।

क्रियाप्रकृति	एकवचन		बहुवचन	
रूप	पुंल्लिंग	स्त्रीलिंग	पुंल्लिंग	स्त्रीलिंग
उगा–	उगावतौ	उगावती	उगावता	उगावती
उतर–	उतरतौ	उतरती	उतरता	उतरती
जा–	जावतौ	जावती	जावता	जावती
दे–	देवतौ	देवती	देवता	देवती
ले–	लेवतौ	लेवती	लेवता	लेवती
कर–	करतौ	करती	करता	करती

६ ८ १ ३ कृदन्तविशेषण की रचना क्रियाप्रकृति के साथ –णौ प्रत्यय के योग से होती है। स्वरान्त क्रियाप्रकृतियो मे –णौ के योग से पूर्व –वा– का आगम हो जाता है।

कृदन्तविशेषण के लिंगवचनानुसार रूप नीचे उद्धृत किये जा रहे हैं।

क्रियाप्रकृति	एकवचन		बहुवचन	
रूप	पुल्लिग	स्त्रीलिंग	पुल्लिग	स्त्रीलिंग
उगा–	उगावणौ	उगावणी	उगावणा	उगावणी
उतर–	उतरणौ	उतरणी	उतरणा	उतरणी
जा–	जावणौ	जावणी	जावणा	जावणी
दे–	देवणौ	देवणी	देवणा	देवणी
ले–	लेवणौ	लेवणी	लेवणा	लेवणी
कर–	करणौ	करणी	करणा	करणी

६ ८ १ ४ पूर्णतावाचक कृदन्त, अपूर्णतावाचक कृदन्त तथा कृदन्त विशेषण के साथ हुवणौ सहायक क्रिया के वृत्ति और काल बोधक रूपो की आसक्ति से उक्त तीनो कोटियो के आ राजस्थानी समापिका क्रियारूप निर्मित होते हैं। इन वृत्ति तथा काल बोधक रूपो के उनमे अन्तर्निहित तत्त्वो के अभिलक्षणो के अनुसार नाम नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

इन तीनो कोटियो की समापिका क्रिया रूपावली मे वृत्ति तथा काल आदि की अवस्थिति में भेद होने के कारण निम्न तीनो स्तम्भो मे + चिह्न से अभिप्राय है कि उक्त तत्त्व समिश्र की अवस्थिति होती है और – चिह्न से उक्त तत्त्व-समिश्र की अनवस्थिति अभिप्रेत है।

वृत्ति आदि तत्त्व समिश्र नाम	समापिका क्रिया रूपावली		
	पूर्णतावाचक कृदन्त	अपूर्णतावाचक कृदन्त	कृदन्त विशेषण
१ असिद्धि	+	+	+
२ अनुमित प्रतिज्ञप्ति	+	+	+
३ असदिग्ध सभावना	+	+	+
४ सदिग्ध सभावना	+	+	+
५ भूत	+	+	+
६ वर्तमान्	+	–	+
७ वृत्ति-काल विरहित रूप अवस्थिति	+	+	+

इन तीनो कोटियो के समापिका क्रियारूपो की सख्या २० है।

मात्र क्रियाप्रकृति के साथ प्रत्ययो के योग से निर्मित रूपावली के उसमे अन्तर्निहित तत्त्वो के अभिलक्षणानुसार नाम नीचे प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

प्रत्यययुक्त क्रियाप्रकृति समापिका क्रिया रूप नाम

(२१) उद्‌बोधन
(२२) आज्ञा
(२३) अनुमित प्रतिज्ञप्ति
(२४) असदिग्ध सभावना
(२५) वर्तमान् सभावना
(२६) सम्भावना

६ ८ १ ५ आ राजस्थानी की समापिका क्रिया रूपावली के समस्त २६ रूपो के अनेक वैकल्पिक परिवर्त भाषा मे उपलब्ध हैं। इन वैकल्पिक परिवर्तो के समस्त ज्ञात रूपो को, उनके पुरुष, लिंग, वचन सहित, आवणो क्रियाप्रकृति को आधार मानकर नीचे सूचित किया जा रहा है।

आवणो के समापिक क्रिया रूप

समापिका क्रिया रूप नाम	पुरुष	लिंग		समापिका क्रिया रूप एकवचन		बहुवचन
(१) पूर्णअसिद्धि वाचक	अन्य	पुल्लिग	ग्यो	हुतो~व्हैतो~ व्हैवतो~हूवतो	ग्या	हुता~व्हैता~ व्हैवता~हुवता
		स्त्रीलिंग	गो	हूतो~व्हैती~ व्हैवती~हुवतो	गी	हूती~व्हैती~ व्हैवती~हुवती
(२) पूर्णअनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक	उत्तम	पुल्लिग	ग्यो	हू'ऊ~हू'वू~ व्है'ऊ~व्है'वू	ग्या	हू'आं~हू'वा व्है'आ~व्है'वा
		स्त्रीलिंग	गी	हू'ऊ~हू'वू~ व्है'ऊ~व्है'वू	गी	हू'आ~हू'वा व्है'आ~व्है'वा
	मध्यम	पुल्लिग	ग्यो	हू'ई~व्है'ई~ व्हू'ई	ग्या	हू'ओ~हू'वो~ व्है'ओ~व्है'वो
		स्त्रीलिंग	गी	हू'ई~व्है'ई~ व्हू'ई	गी	हू'ओ~हू'वो~ व्है'ओ~व्है'वो

समापिका क्रिया रूप नाम	पुरुप	लिंग	समापिका क्रिया रूप एकवचन		बहुवचन	
	अन्य	पुल्लिग	ग्यौ	हू'ई~व्है'ई~व्हू'ई	ग्यो	हू'ई~व्है'ई व्हू'ई
		स्त्रीलिंग	गी	हू'ई~व्हू'ई~व्हू'ई	गी	हू'ई~व्है'ई व्हू'ई
(३) पूर्ण असंदिग्ध सभावना वाचक	उत्तम	पुल्लिग	ग्यौ	व्हूला~व्हूलौ	ग्या	व्हाला
		स्त्रीलिंग	गी	व्हूला व्हूली	गी	व्हाला व्हाली
	मध्यम	पुल्लिग	ग्यौ	व्हैला व्हैलौ	ग्या	व्होला
		स्त्रीलिंग	गी	व्हैला व्हैली	गी	व्होला व्होली
	अन्य	पुल्लिग	ग्यौ	व्हैला व्हैलौ	ग्या	व्हैला
		स्त्रीलिंग	गी	व्हैला व्हैली	ग्या	व्हैला व्हैली
(४) पूर्ण सदिग्ध सभावना वाचक	उत्तम	पुल्लिग	ग्यौ	व्हूं	ग्या	व्हा
		स्त्रीलिंग	गी	व्हूं	गी	व्हो
	मध्यम	पुल्लिग	ग्यौ	व्है	ग्या	व्हो
		स्त्रीलिंग	गी	व्है	गी	व्हो
	अन्य	पुल्लिग	ग्यौ	व्है	ग्या	व्है
		स्त्रीलिंग	गी	व्है	गी	व्है
(५) पूर्ण भूत	अन्य	पुल्लिग	ग्यौ	हो	ग्या	हा
		स्त्रीलिंग	गी	ही	गी	ही

समापिका क्रिया रूप नाम	समापिका क्रिया रूप: पुरुष	लिंग	एकवचन	बहुवचन
(६) पूर्ण वर्तमान्	उत्तम	पुल्लिंग	ग्यो हूं	ग्या हां
		स्त्रीलिंग	गी हूं	गी हां
	मध्यम	पुल्लिंग	ग्यो है	ग्या हो
		स्त्रीलिंग	गी है	गी है
	अन्य	पुल्लिंग	ग्यो है	ग्या है
		स्त्रीलिंग	गी है	गी है
(७) पूर्णता वाचक	अन्य	पुल्लिंग	ग्यो	ग्या
		स्त्रीलिंग	गी	गी
(८) अपूर्ण असिद्धि वाचक	अन्य	पुल्लिंग	जावतो हुतो~व्हैतो~व्हैवतो~हूवतो	जावता हुता~व्हैता~व्हैवता~हूवता
		स्त्रीलिंग	जावनो हुनी~व्हैती~व्हैवती~हूवती	जावती हुती~व्हैती~व्हैवती~हूवती
(९) अपूर्ण अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक	उत्तम	पुल्लिंग	जावतो हू'ऊ~हू'वूं~व्हे'ऊ~व्हे'वूं~व्हू'वूं	जावता हू'आ~हू'वा~व्हे'आ~व्हे'वा~व्हूवा
		स्त्रीलिंग	जावती हू'ऊ~हू'वूं~व्हे'ऊ~व्हे'वूं~व्हू'वूं	जावती हू'आ~हू'वा~व्हे'आ~व्हे'वा~व्हूवा
	मध्यम	पुल्लिंग	जावतो हू'ई~व्हे'ई~व्हू'ई	जावता हू'ओ~हू'वो~व्हे'ओ~व्हे'वो~व्हू'वो
		स्त्रीलिंग	जावती हू'ई~व्हे'ई~व्हू'ई	जावती हू'ओ~हू'वो~व्हे'वो~व्हे'ओ~व्हू'वो

समापिका क्रिया रूप नाम	पुरुष	लिंग	एकवचन		बहुवचन	
	अन्य	पुल्लिग	जावतौ	हू'ई~व्है'ई ~व्हू'ई	जावता	हू'ई~व्है'ई ~व्हू'ई
		स्त्रीलिंग	जावती	हू'ई~व्है'ई ~व्हू'ई	जावता	हू'ई~व्है'ई ~व्हू' ई
(१०) अपूर्ण असंदिग्ध संभावना वाचक	उत्तम	पुल्लिग	जावतौ	व्हूला	जावता	व्हाला
		स्त्रीलिंग	जावती	व्हूला व्हूली	जावती	व्हाला व्हाली
	मध्यम	पुल्लिग	जावतौ	व्हैला	जावता	व्हैला
		स्त्रीलिंग	जावती	व्हैला व्हैली	जावती	व्हैला व्हैली
	अन्य	पुल्लिग	जावतौ	व्हैला	जावता	व्हैला
		स्त्रीलिंग	जावती	व्हैला व्हैली	जावता	व्हैला व्हैली
(११) अपूर्ण संदिग्ध संभावना वाचक	उत्तम	पुल्लिग	जावतौ	व्हू	जावता	व्हा
		स्त्रीलिंग	जावती	व्हू	जावती	व्हा
	मध्यम	पुल्लिग	जावतौ	व्है	जावता	व्हौ
		स्त्रीलिंग	जावती	व्है	जावती	व्हौ
	अन्य	पुल्लिग	जावतौ	व्है	जावता	व्है
		स्त्रीलिंग	जावती	व्है	जावती	व्है
(१२) अपूर्ण भूत	अन्य	पुल्लिग	जावतौ	हो	जावता	हा
		स्त्रीलिंग	जावती	हो	जावती	ही

	समापिका क्रिया रूप नाम	पुरुष	लिंग	एकवचन		बहुवचन
(१३)	अपूर्णता वाचक	अन्य	पुल्लिग	जावतो		जावता
			स्त्रीलिंग	जावती		जावती
(१४)	असिद्ध सकेत वाचक	अन्य	पुल्लिग / स्त्रीलिंग	जावणो	हुतो~व्होता ~व्हैवतो ~हूवतो	एक वचन के समान
(१५)	अनुमित प्रतिज्ञप्ति सकेत वाचक	अन्य	पुल्लिग / स्त्रीलिंग	जावणो	हू'ई~व्हू'ई व्हू'ई	एक वचन के समान
(१६)	असदिग्ध सभावना सकेतवाचक	अन्य	पुल्लिग / स्त्रीलिंग	जावणो	व्हेलो	एक वचन के समान
(१७)	सदिग्ध सभावना सकेतवाचक	अन्य	पुल्लिग / स्त्रीलिंग	जावणो	व्है	एक वचन के समान
(१८)	भूत सकेत वाचक	अन्य	पुल्लिग / स्त्रीलिंग	जावणो	ही	एक वचन के समान
(१९)	वर्तमान् सकेत वाचक	अन्य	पुल्लिग / स्त्रीलिंग	जावणो	है	एक वचन के समान
(२०)	सकेत वाचक	अन्य	पुल्लिग / स्त्रीलिंग	जावणो		एक वचन के समान
(२१)	उद्‌बोधन वाचक	मध्यम		जाजे~जाइजे		जाजो~जाइजो
(२२)	आज्ञा वाचक	मध्यम		जा		जावो~जाओ

समापिका क्रिया रूप नाम	पुरुष	लिंग	एक वचन	बहु वचन
(२३) अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक	उत्तम		जा'ऊ~जासू ~ जास्यू	जा'वा~जा'आ~ जामा~जास्या
	मध्यम		जा'ई~जासी	जा'ओ~जा'वो~जासो
	अन्य		जा'ई~जासी	जा'ई~जासी
(२४) असंदिग्ध संभावना वाचक	उत्तम		जाऊला	जावाला~जाआला
	मध्यम		जावैला	जावोला
	अन्य		जावैला	जावैला
(२५) वर्तमान् संभावना वाचक	उत्तम		जाऊ हू~जावू हू	जावा हा~जाआ हा
	मध्यम		जावै है	जावो हो
	अन्य		जावै है	जावै है
(२६) संभावना वाचक	उत्तम		जाऊ~जावू	जावा~जाआ
	मध्यम		जावै	जावो
	अन्य		जावै	जावै

रूप संख्या (१४-२०) के सीमित परिसरो मे स्त्रीलिंग रूप भी उपलब्ध होते हैं। इस स्थिति मे अकर्मक क्रिया के कृदन्त विशेषण के स्त्रीलिंग रूप (यथा, जावणी) के साथ सहायक क्रिया की अवस्थिति होती है।

६८१६. समस्त उपरिलिखित रूप भाषा मे सामान्य रूप से अधिमान्य नही हैं। अत मात्र अधिमान्य रूपो को लेकर नीचे लिखणो क्रिया की समापिका क्रिया रूपावली का निदर्शन किया जा रहा है।

सकर्मक क्रियाओ के पूर्णतावाचक कृदन्त तथा कृदन्त विशेषण से निर्मित समापिका क्रिया रूपो मे कृदन्त और कर्मस्थानीय संज्ञा मे लिंग-वचनानुसार अन्वय होना है और सहायक क्रिया एव कर्त्ता स्थानीय संज्ञा मे (अन्य पुरुष को छोड़कर) पुरुष-वचनानुसार अन्वय होता है। इन तथ्यो का निर्देश लिखणो क्रिया की समापिका क्रिया रूपावली मे कर दिया गया है।

लिखणो की समापिका क्रिया रूपावली

(१) पूर्ण प्रसिद्ध वाचक

	एकवचन	बहुवचन
पुल्लिग	लिखियौ हुतौ	लिखिया हुता
स्त्रीलिंग	लिखी हुती	लिखी हुती

(२) पूर्ण अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक

उत्तम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	हूं'ऊ	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	हूं'आ
	स्त्रीलिंग	लिखी हूं'ऊ		लिखी हूं'आ	
मध्यम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	हूं'ऊ	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	हू'वौ
	स्त्रीलिंग	लिखी हू'ई		लिखी हू'वौ	
अन्य पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) लिखियौ (ब व)	हू'ई	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	हू'ई
	स्त्रीलिंग	लिखी हू'ई		लिखी हू'ई	

(३) पूर्ण असदिग्ध सभावना वाचक

उत्तम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	व्हूला	लिखियौ (ए व) लिखियौ (ब व)	व्हाला
	स्त्रीलिंग	लिखी व्हूला		लिखी व्हाला	
मध्यम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	व्हैला	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	व्हौला
	स्त्रीलिंग	लिखी व्हैला		लिखी व्हौला	
अन्य पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) लिखियौ (ब व)	व्हैला	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	व्हैला
	स्त्रीलिंग	लिखी व्हैला		लिखी व्हैला	

(४) पूर्ण सदिग्ध सभावना वाचक

उत्तम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	व्हूं	लिखियौ (ए व) लिखिया (ब व)	व्हा
	स्त्रीलिंग	लिखी व्हूं		लिखी व्हा	

मध्यम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) व्है	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) व्हौ
	स्त्रीलिग	लिखी व्है	लिखी व्हौ
अन्य पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) व्है	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) व्है
	स्त्रीलिग	लिखी व्है	लिखी व्है

(५) पूर्ण भूत

	एक वचन	बहु वचन
पुल्लिग	लिखियौ हो	लिखिया हा
स्त्रीलिग	लिखी ही	लिखी ही

(६) पूर्ण वर्तमान्

उत्तम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) हू	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) हा
	स्त्रीलिग	लिखी' हू	लिखी हा
मध्यम पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) है	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) हौ
	स्त्रीलिग	लिखी है	लिखी हौ
अन्य पुरुष	पुल्लिग	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) है	लिखियौ (ए व) / लिखिया (ब व) है
	स्त्रीलिग	लिखी है	लिखी है

(७) पूर्णता वाचक

पुल्लिग	लिखियौ	लिखिया
स्त्रीलिग	लिखी	लिखी

(८) अपूर्ण असिद्धि वाचक

पुल्लिग	लिखतौ व्हैतौ	लिखता व्हैता
स्त्रीलिग	लिखती व्हैती	लिखती व्हैती

(९) अपूर्ण अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक

उत्तम पुरुष	पुल्लिग	लिखतौ हू'ऊ	लिखता हू'आ
	स्त्रीलिग	लिखती हू'ऊ	लिखती हू'आ

		एक वचन	बहुवचन
मध्यम पुरुष	पुल्लिग	लिखतौ हू ई	लिखता हू ओ
	स्त्रीलिग	लिखती हू ई	लिखती हू ओ
अन्य पुरुष	पुल्लिग	लिखतौ हू ई	लिखता हू ओ
	स्त्रीलिग	लिखती हू ई	लिखती हू ई

(१०) अपूर्ण असंदिग्ध संभावना वाचक

उत्तम पुरुष	पुल्लिग	लिखतौ व्हूला	लिखता व्हाला
	स्त्रीलिग	लिखती व्हूला	लिखती व्हाला
मध्यम पुरुष	पुल्लिग	लिखतौ व्हैला	लिखता व्हौला
	स्त्रीलिग	लिखती व्हैला	लिखती व्हौला
अन्य पुरुष	पुल्लिग	लिखतौ व्हैला	लिखता व्हैला
	स्त्रीलिग	लिखती व्हैलो	लिखती व्हैला

(११) अपूर्ण संदिग्ध संभावना वाचक

समस्त रूप जावणौ क्रिया के रूपों के समान है।

(१२) अपूर्ण भूत

समस्त रूप जावणौ क्रिया के रूपों के समान है।

(१३) *अपूर्णता वाचक*

समस्त रूप जावणौ क्रिया के रूपों के समान है।

(१४) असिद्ध संकेत वाचक

	एक वचन	बहु वचन
पुल्लिग	लिखणौ व्हैतौ	लिखणा व्हैता
स्त्रीलिग	लिखणी व्हैती	लिखणी व्हैती

(१५) अनुमित प्रतिज्ञप्ति संकेत वाचक

पुल्लिग	लिखणौ व्है ई	लिखणा व्है ई
स्त्रीलिग	लिखणी व्है ई	लिखणी व्है ई

(१६) असंदिग्ध संभावना संकेत वाचक

पुल्लिग	लिखणौ व्हैला	लिखणा व्हैला
स्त्रीलिग	लिखणी व्हैला	लिखणी व्हैला

		एक वचन	बहुवचन
(१७) संदिग्ध संभावना संकेत वाचक			
	पुल्लिंग	लिखणो व्है	लिखणा व्है
	स्त्रीलिंग	लिखणी व्है	लिखणी व्है
(१८) भूत संकेत वाचक			
	पुल्लिंग	लिखणो हो	लिखणा हा
	स्त्रीलिंग	लिखणी ही	लिखणी ही
(१९) वर्तमान संकेत वाचक			
	पुल्लिंग	लिखणो है	लिखणा है
	स्त्रीलिंग	लिखणी है	लिखणी है
(२०) संकेत वाचक			
	पुल्लिंग	लिखणो	लिखणा
	स्त्रीलिंग	लिखणी	लिखणी
(२१) उद्बोधन वाचक			
	मध्यम पुरुष	लिखजे	लिखजो
(२२) आज्ञा वाचक			
	मध्यम पुरुष	लिख	लिखो
(२३) अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक			
	उत्तम पुरुष	लिखसू ~ लि'खू	लिखसा ~ लि'खा
	मध्यम पुरुष	लिखसी ~ लि'खी	लिखसो ~ लि'खो
	अन्य पुरुष	लिखसी ~ लि'खी	लिखसी ~ लि'खी
(२४) असंदिग्ध संभावना वाचक			
	उत्तम पुरुष	लिखूं ला	लिखाला
	मध्यम पुरुष	लिखैला	लिखोला
	अन्य पुरुष	लिखैला	लिखैला
(२५) वर्तमान् संभावना वाचक			
	उत्तम पुरुष	लिखू हू	लिखा हा
	मध्यम पुरुष	लिखै है	लिखो हो
	अन्य पुरुष	लिखै है	लिखै है

		एक वचन	बहुवचन
(२६) सभावना वाचक			
	उत्तम पुरुष	लिखू	लिखा
	मध्यम पुरुष	लिखै	लिखौ
	अन्य पुरुष	लिखै	लिखै

६ ८ १ ७ उपरिलिखित समापिका क्रिया रूपावली की वाक्यो म अवस्थिति के कतिपय उदाहरण नीचे प्रस्तुत किय जा रहे हैं।

(१) पूर्ण असिद्धि वाचक

(६६) गुमेज में बोलियो—बावळो भाटो गिटग्यो हुतो तो ई म्है उणनें मू है बोलाय लेतो पण थारी तो जिनात ई काई है।

इस वाक्य म गिटग्यो हुतो पूर्ण असिद्धि वाचक रूप है जबकि निम्न वाक्य म समझायो हुतो (६७) रूप का अर्थ है समझाया था। इस प्रकार की सन्दिग्ध रचनाओं का समाधान वाक्य परिसरों और सहायक क्रिया के रूप हुतो तथा याजक क्रिया (प्रकरण ६ १०) के रूप हुतो~हो के पारस्परिक पार्थक्य के आधार पर किया जा सकता है।

(६७) जद कुत्तो उणनें कैयो—भाई म्है थनें पैला इ समझायो हुतो पण थू तो मानी नी।

(८) अपूर्ण असिद्धि वाचक

(६८) आज बाबो जीवतो हुतो तो थारा मामा नैं औ फोडा नी पडता।

(१४) असिद्ध सकेत वाचक

(६९) जे थारो धन वित्त अर जमी जायदाद म्हारै अटावणी हुती तो म्है थनें इतरो लाठो वयू हुवण देवतो। छोटै थकै नै इज मार र खाडाबूच नीं कर देतो।

(२) पूर्ण अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक

(७०) जे पेड रै नीचू लागा हू ई तो म्है बेरै मू आवतो लेतो आजू ना जीतर व्हा।

(९) अपूर्ण अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक

(७१) कुण थारै धू प खेवतो हुसी ? हाय मा आज थू अनाथ हुयगी म्हारै जीवता जीव कुण जाणै थनें काई काई दुख भोगणा पडता हुसी।

(१५) अनुमित प्रतिज्ञप्ति सकेत वाचक

(७२) म्हारै सू तो किणी री गरजा नी करीजै उणनें रोटा खावणी हुई तो खाय लेसी अर नीतर भूखो इज पड रै ई।

(३) पूर्ण असदिग्ध सभावना वाचक

(७३) आ दुनिया थपिया पछै ई कोई मिनख आज दिन तक जीवतो मिच नै नी पकडियो व्हैला।

(१०) अपूर्ण असदिग्ध सभावना वाचक

(७४) थ्ह बीस बरसा तक ऊका री गोद मे म्हैं रमी, इत्ती लाठी हुई, म्हनै ई वारै विना कीकर आवडती व्है ला। आप इणरो नी अदाज लगा सको।

(१६) असदिग्ध सभावना सकेत वाचक

(७५) मोवण नै कठै जावणो व्हैला।

(४) पूर्ण सदिग्ध सभावना वाचक

(७६) म्हे सपने मे ई आपरै सार्थ दगौ करण रो विचार करियो व्हा तो म्हानै नरक मे ई ठौड नी मिळै।

(११) अपूर्ण सदिग्ध सभावना वाचक

(७७) तद घरवाळी कैयौ—यैं कमाई करता व्हो तो वळपू ई किण वास्तै।

(१७) सदिग्ध सभावना सकेत वाचक

(७८) आप लोगा रै भगती भाव सू म्हैं अणु तो राजी हू। पण जको हूवणो व्है वा कीकर टळ सकै ?

(४) पूर्ण भूत

(७८) भावना रै कारण ई तो भगवान राम चदरजी सबरी रै हाथ सू ऍठवाडा बोर खाया हा।

(१२) अपूर्ण भूत

(७९) वो तौ आपरी धुन मे निचीतो हुवोडो फदाफद करतो जावतो हो कै अजाणचक उणनै ठा पडी कै लारै सू कोई उणरी टागडी अपडली है।

(१८) भूत सकेत वाचक

(८०) जे इण सरीर नै ई सू पणो हो तो राजकवर री रगमैल किसो भू डो हो।

(८१) केई दिना ताई लिछमा रो भोळू आई, पण छेक्ट भूलणो ई हो।

(६) पूर्ण वर्तमान्

(८२) ठेट मुकाम पधारण री वपू तकलीफ फरमावो। म्हैं म्हारै माथै ई आपरो भोजन मगाय लियो हू।

(१९) वर्तमान संकेत वाचक

(८३) आपनै तो फगत पाणी पीवणो है, अठीकर ही सई उठीकर सई।

(७) पूर्णता वाचक

(८४) राजा देखै तो राणी रथ सू उतर री।

(८५) मै आयो तो म्हनै गलिया ई नरमी।

(१३) अपूर्णता वाचक

(८६) रोयनै निबळापणो बताय दियो तो मूळो काल मिळती दणो सायत मिळ जावेला।

(८७) मा पाछो पड़ूत्तर दियो—म्हनै कोई पूछियो व्है तो म्हैं ई थनै पूछती वेटी।

(२०) संकेत वाचक

(८८) इणरै बिस नै तो अकल सू दाटणो पडमी। डील मे करार नी व्है तो बगत आया अकल सू काम सारणो।

(८९) थानै म्हारै दुख-दरद सू काई लेणो-देणो।

(९०) वो उभो-उभो मन रा लाडू खावण लागो कै पैला बिचिया नै खावणा कै पैला स्याळ-स्यालणी नै।

(२१) उद्‌बोधन वाचक

(९१) अेकर ढगळो गान नै कयो—बेली थू म्हनै अकेलो छोडनै मत जाजे।

(९२) नवलखो हार गमजो अर अंडा मता रा अठै आवणा हूजो। ओ नवलखो हार तो भलो ई गमियो।

(२२) आज्ञा वाचक

(९३) थोडी निरायत कर। ध्यान सू बात सुण।

(९४) खिरगोसियो बत्तो जोस दिरावण सारू सिंग नै कैवण लागो—अदाता, अेकर निरायत सू सावळ बिचार कर लिरावो।

(९५) रोटी बीजी खायनै आवा पछै मलाई किती जेज लागै।

(२३) अनुमित प्रतिज्ञप्ति वाचक

(९६) म्हारै सरीर रै हाथ मत लगाजो, बाकी थे कंवीला उठै चालसू परी, म्हनै नीतर ई कठै ई जावणो तो है ई।

(९७) म्हैं म्हारै घरै मोकळा मिनखा नै देखिया तो मन मे जाणियो—म्हारो मीठो बाघ है। जीवत सिनान करावै है धर अबै म्हनै वखण नै जासो।

(२४) असंदिग्ध संभावना वाचक

(९८) राजकंवर सोचियौ के जिण लुगाई रा केस अंडा है तौ वा खुद कैड़ी रूपाळी व्हैला।

(२५) वर्तमान् संभावना वाचक

(९९) आप निचीता रौ, म्हैं नगरी रा सगळा ऊंदरा लेयनैं इणी सायत पाछौ आऊं हूं।

(१००) हजार बुद्धि बोलियौ—थे साव साची कौ हौ। आ सायद है अर टाली आख सूं काणी है।

(१०१) म्हैं नित-नेम सूं निव्रत होयनैं अबार्‌ई दरबार में हार लेयनैं आऊं हूं।

(१०२) आपरै आगरै लागूं जीव पढ़ै है। इण बाळक माथै थोडी दया बिचारौ, अबै आपरै सरणै है।

(२६) संभावना वाचक

(१०३) हसती-हसती ई बोली—राजा, म्हैं तौ जाणती कै थूं इतौ मोटौ राज संभाळौ जकौ थारै में की न की अकल तौ व्हैला इज।

(१०४) सूरज आथूंण में ऊगै तौ म्हैं म्हारै वचन सूं टळूं।

(१०५) वा अभ्यागत बामणौ जिण भांत बिखा रा दिन काढ़िया, ऊंडा दिन भगवान किणी नैं सपनै में ई नीं बतावै।

(१०६) म्हैं थनै सोळै साल री मौलत दूं।

६.८.२. आ राजस्थानी योजक क्रिया हुवणौ की रूपावली के भूत और वर्तमान् कालों के आधार पर दो कुलक हैं, जिनका विवरण नीचे प्रस्तुत किया जा रहा है।

	एकवचन		बहुवचन	
भूतकालिक रूप	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
	हौ~हुतौ	ही~हुती	हा~हुता	ही~हुती

वर्तमान् कालिक रूप

उत्तम पुरुष	हूं	हां
मध्यम पुरुष	है	हौ
अन्य पुरुष	है	है

६.९. समापिका अथवा असमापिका क्रिया रूपों के साथ निश्चयार्थक नियात परौ की वैकल्पिक अवस्थिति होती है। परौ के लिंग-वचन वाक्य के कर्ता के अनुरूप ही होते हैं।

नीच परौ की अवस्थिति के कतिपय उदाहरण दिये जा रहे हैं।

(१०७) आठू दिसावा मे मन कर उठीनै जावौ परा। अब आप आपरै अ पै जू भो। किणी रै भरोसै माथै जीवण बितावणौ निबळापणौ है।

(१०८) दत कह्यौ—थन दुख काई है सो म्हनै बता। ब्याव करिया तो थू म्हनै छोड जावै परो। म्हैं किणी भाव अेकलो नी रैय सकू।

(१०९) बेली मगळा मिल परा नै माय रो माय अक दूजो ई जाळ रचियो।

(११०) थू काई धापिया परा। रोटी तो च्यार ई खाई कोयनी अर धापग्या।

(१११) *कठै वो उठै तौ नी जावैला परौ।*

(११२) राम प्यारौ ई भलौ है परौ नी।

६ १० अतर्निहित भाववाच्य क्रियाओ को छोडकर सामान्यत समस्त अकमक और सकमक क्रियाओ से उनके प्ररणाथक रूप व्युत्पन्न होते हैं।

प्रेरणाथक रूपो की व्युत्पत्ति आ राजस्थानी व्याकरण म एक अत्यन्त जटिल एव उलझा हुआ विषय है। कोश एव उपलब्ध व्याकरणो मे इस विषय का उचित समाधान नही प्राप्त होता। इसलिए निम्नलिखित विवरण मे परीक्षापेक्ष युक्तियो का सहारा लिया गया है। प्रस्तुत वर्णण प्रकरण सख्या (६ ७) म दिये गये क्रियाप्रकृतियो व अकमक-सकमक वाच्य सवर्गीकरण पर आधृत है।

६ १० १ सामान्य रूप से अकमक और सकमक क्रियाप्रकृतियो के प्ररणाथक वाच्य रूप स्वत त्र रूप से निर्मित होते हैं। यथा अकमक वाच्य क्रिया कटणौ और इसके सकमक वाच्य प्रतिरूप काटणौ दोनो क्रियाप्रकृतियो की प्ररणाथक वाच्य रूपावली स्वतन्त्र रूप से निर्मित होगी।

इन दानो सवर्गों की क्रियाप्रकृतियो क साथ सयुक्त होने वाल प्ररणाथक वाचक प्रत्ययो की सामान्य सूची नीचे प्रस्तुत की जा रही है।

(क) —आव
(ख) —आण
(ग) —आड

६ १० २ *—ईज प्रत्यय युक्त भाववाच्य क्रियाओ के प्ररणाथक वाच्य रूप निर्मित* नही होत।

मूल अकमक क्रियाए (कोटि ख प्रकरण ६ ७) मे अधिकाश के साथ प्ररणाथक वाच्य क प्रत्ययो का अवस्थिति होती है। इस कोटि की क्रियाओ के प्ररणाथक वाच्य रूपा के कतिपय उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे हैं

मूल अकर्मक वाच्य रूप	व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप क	ख	ग
आवणो	अवावणो	अवाणणो	अवाडणो
जावणो	जवावणो	जवाणणो	जवाडणो
रोवणो	रोवावणो	रोवाणणो	रोवाडणो
सूवणो	सूवावणो	सूवाणणो	सूवाडणो
जागणो	जगावणो	जगाणणो	जगाडणो
लागणो	लगावणो	लगाणणो	लगाडणो
दूखणो	दूखावणो	दुखाणणो	दूखाडणो
हसणो	हसावणो	हसाणणो	हसाडणो
अटकणो	अटकावणो	अटकाणणो	अटकाडणो
चूकणो	चूकावणो	चूकाणणो	चूकाडणो
डूबणो	डुबावणो	डूबाणणो	डूबाडणो
गिरणो	गिरावणो	गिराणणो	गिराडणो
धूजणो	धुजावणो	धूजाणणो	धूजाडणो
ऐंठणो	ऐंठावणो	ऐंठाणणो	ऐंठाडणो
थाकणो	थकावणो	थकाणणो	थकाडणो

व्यंजनांत अकर्मक-सकर्मक क्रिया प्रकृतियों के (कोटि ग (१) प्रकरण ६ ७) प्रेरणार्थक वाच्य रूप निम्न उदाहरणों के अनुसार निर्मित होते हैं।

अकर्मक तथा सकर्मक वाच्य रूप		व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप		
अकर्मक	अकणो	अकावणो	—	—
सकर्मक	आकणो	अकवावणो	—	—
अकर्मक	कटणो	कटावणो	—	कटाडणो
सकर्मक	काटणो	कटवाव	—	कटवाडणो
अकर्मक	गळणो	गळावणो	—	—
सकर्मक	गाळणो	गळवावणो	—	—
अकर्मक	खचणो	खचावणो	—	—
सकर्मक	खाचणो	खचवावणो	—	—
अकर्मक	गठणो	गठावणो	—	—
सकर्मक	गाठणो	गठवावणो	—	—
अकर्मक	मरणो	मरावणो	—	मराडणो
सकर्मक	मारणो	मरवावणो	—	मरवाडणो
अकर्मक	पळणो	पळावणो	—	—
सकर्मक	पाळणो	पळवावणो	—	पळवाडणो

क्रियाप्रकृति कोटि ग (२) के प्रेरणार्थक वाच्य प्रतिरूप निम्नलिखित हैं।

अकर्मक तथा सकर्मक वाच्य रूप		व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप		
अकर्मक	खिरणो	खिरावणो	—	—
सकर्मक	खेरणो	खिरवावणो	—	—
अकर्मक	घिरणो	घिरावणो	—	—
सकर्मक	घेरणो	घिरवावणो	—	—
अकर्मक	टिकणो	टिकावणो	—	—
सकर्मक	टेकणो	टिकवावणो	—	—
अकर्मक	फिरणो	फिरावणो	—	—
सकर्मक	फेरणो	फिरवावणो	—	—
अकर्मक	छिदणो	छेदावणो	—	—
सकर्मक	छेदणो	छिदवावणो	—	—
अकर्मक	भिदणो	भेदावणो	—	—
सकर्मक	भेदणो	भेदवावणो	—	—

क्रियाप्रकृति कोटि ग (३) के प्रेरणार्थक वाच्य प्रतिरूप निम्नलिखित हैं।

अकर्मक तथा सकर्मक वाच्य रूप		व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप		
अकर्मक	घुटणो	घुटाणणो	घुटावणो	घुटाडणो
सकर्मक	घोटणो	घुटवावणो	घुटवाणणो	घुटवाड़णो
अकर्मक	घुळणो	घुळावणो	—	—
सकर्मक	घोळणो	घुळवावणो	—	—
अकर्मक	जुडणो	जुडावणो	—	—
सकर्मक	जोडणो	जुडवावणो	—	—
अकर्मक	खुबणो	खुबावणो	—	—
सकर्मक	खोबणो	खुबवावणो	—	—
अकर्मक	मुडणो	मुडावणो	—	—
सकर्मक	मोडणो	मुडवावणो	—	—
अकर्मक	चुभणो	चुभावणो	—	—
सकर्मक	चोभणो	चुभवावणो	—	—
अकर्मक	खुलणो	खुलावणो	—	—
सकर्मक	खोलणो	खुलवावणो	—	—

क्रियाप्रकृति कोटि ग (४) के प्रेरणार्थक वाच्य प्रतिरूप निम्नलिखित हैं।

अकर्मक तथा सकर्मक वाच्य रूप		व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप		
अकर्मक	पिसणो	पिसावणो	—	पिसाड़णो
सकर्मक	पीसणो	पिसवावणो	—	पिसवाड़णो
अकर्मक	चिरणो	चिरावणो	—	—
सकर्मक	चीरणो	चिरावणो	—	—
अकर्मक	पिटणो	पिटावणो	—	पिटाड़णो
सकर्मक	पीटणो	पिटवावणो	—	पिटवाड़णो
अकर्मक	लुटणो	लुटवावणो	—	लुटाड़णो
सकर्मक	लूटणो	लुटवावणो	—	लुटवाड़णो
अकर्मक	छुनणो	छुनावणो	—	—
सकर्मक	छूनणो	छुनवावणो	—	—
अकर्मक	पुछणो	पुछावणो	—	—
सकर्मक	पोछणो	पुछवावणो	—	—

क्रियाप्रकृति कोटि ग (५) के प्रेरणार्थक वाच्य प्रतिरूप निम्नलिखित हैं।

अकर्मक तथा सकर्मक वाच्य रूप		व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप		
अकर्मक	उखड़णो	उखड़ाणो	—	—
सकर्मक	उखाड़णो	उखड़वाणो	—	—
अकर्मक	उछरणो	उछराणो	—	—
सकर्मक	उछारणो	उछरवाणो	—	—

व्यंजनान्त अकर्मक-सकर्मक क्रियाप्रकृतियां (कोटि ग (६) प्रकरण ६ ७) के प्रेरणार्थक वाच्य रूप निम्न उदाहरणो के अनुसार निर्मित होते हैं।

अकर्मक तथा सकर्मक वाच्य रूप		व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप		
अकर्मक	ऊठणो	उठावणो	उठावणो	उठाड़णो
सकर्मक	उठावणो	उठवावणो	उठवावणो	उठवाड़णो
अकर्मक	बैठणो	बैठावणो	बैठाणणो	बैठाड़णो
सकर्मक	बैठावणो	बैठवणाणो	बैठवाणणो	बैठवाड़णो
अकर्मक	दबणो	दबावणो	—	दबाड़णो
सकर्मक	दबावणो	दबवावणो	—	दबवाड़णो

अकर्मक तथा सकर्मक वाच्य रूप	व्युत्पन्न प्रेरणार्थक वाच्य रूप			
अकर्मक	ऊभणो	उभावणो	उभाणणो	उभाडणो
सकर्मक	उभावणो	उभवावणो	उभवाणणो	उभवाडणो
अकर्मक	उडणो	उडावणो	उडाणणो	उडाडणो
सकर्मक	उडावणो	उडवावणो	उडवाणणो	उडवाडणो

क्रियाप्रकृति कोटि घ के प्रेरणार्थक प्रतिरूप निम्नलिखित हैं।

सकर्मक वाच्य रूप	व्युत्पन्न प्रेरणार्थक रूप क	ख	ग
गावणो	गवावणो	गवाणणो	गवाडणो
राखणो	रखावणो	रखाणणो	रखाडणो
देखणो	देखावणो	देखाणणो	देखाडणो
जीमणो	जीमावणो	जीमाणणो	जीमाडणो
रमणो	रमावणो	रमाणणो	रणाडणो
चूंघणो	चूंघावणो	चूंघाणणो	चूंघाडणो
चाखणो	चखावणो	चखाणणो	चखाडणो
लिखणो	लिखावणो	लिखाणणो	लिखाडणो

६.११. –ईज प्रत्यय सहित अवस्थित होने वाली मूल भाववाच्य क्रियाओं को छोड़कर सामान्यतः आ० राजस्थानी क्रियाओं के भाववाच्य-कर्मवाच्य रूप दो प्रकार से निर्मित होते हैं—(क) क्रियाप्रकृति के साथ –ईज प्रत्यय के योग से, तथा (ख) क्रिया-प्रकृति के पूर्णतावाचक कृदन्त रूप के साथ जावणो क्रिया की आसक्ति से। इन दो प्रकार से निर्मित भाववाच्य-कर्मवाच्य रूपों को क्रमशः श्लिष्ट भाववाच्य तथा जा भाववाच्य रूपों की संज्ञाओं से अभिहित किया जा सकता है।

सामान्य रूप से अकर्मक, सकर्मक तथा प्रेरणार्थक रूपों से भाववाच्य-कर्मवाच्य रूपों की निष्पत्ति पर भाषा में कोई विशेष व्याकरणिक प्रतिबन्ध नहीं है।

६.११.१ श्लिष्ट भाववाच्य रूपों की रचना के कतिपय उदाहरण नीचे सूचित किये जा रहे हैं।

अकर्मक/सकर्मक वाच्य रूप	श्लिष्ट भाववाच्य रूप
दौड़णो	दौड़ीजणो
निकळणो	निकळीजणो
टपकणो	टपकीजणो
गिटणो	गिटीजणो
बैठणो	बैठीजणो

सामान्यत व– अन्त्य क्रियाप्रकृतियो के साथ श्लिष्ट भाववाच्य प्रत्यय –ईज के योग से –व का लोप हो जाता है। यथा—

व– अन्त्य क्रियाप्रकृति	श्लिष्ट भाववाच्य रूप
खावणो	खाईजणो
दरसावणो	दरसाईजणो
रोवणो	रोईजणो
जावणो	जाईजणो
आवणो	आईजणो
हूवणो	हूईजणो

किन्तु पीवणो का भाववाच्य रूप पीवीजणो ही होता है।

अनेक अनुकरणात्मक क्रियाप्रकृतियो के दो-दो रूप भाषा मे प्रचलित हैं। इनके व– अन्त्य रूपो के श्लिष्ट भाववाच्य रूपो की रचना मे –व का लोप हो जाता है।

द्विरूपीय अनुकरणात्मक क्रियाप्रकृतिया	श्लिष्ट भाववाच्य रूप
खदबदणो	खदबदीजणो
खदबदावणो	खदबदाईजणो
जगमगणो	जगमगीजणो
जगमगावणो	जगमगाईजणो
डगमगणो	डगमगीजणो
डगमगाणो	डगमगाईजणो

कतिपय अन्य अनुकरणात्मक क्रियाप्रकृतियो की स्थिति उपरोक्त प्रकार की द्विरूपीय अनुकरणात्मक क्रियाप्रकृतियो से भिन्न है। इनका मूलरूप तो एक ही होता है किन्तु श्लिष्ट भाववाच्य रूप दो-दो उपलब्ध होते हैं।

अनुकरणात्मक क्रियाप्रकृति	श्लिष्ट भाववाच्य रूप
फड़फड़ावणो	फड़फड़ीजणो (१)
	फड़फड़ाईजणो (२)

इस स्थिति में रूप सख्या (१) और (२) मे अर्थ भेद भी हो जाता है (११३, ११४)। रूप सख्या (१) अकर्मक

(११३) आज तो अणूतो तावड है। गरमी सू जीव फड़फड़ीजै।

(११४) इण कबूतै सू पांख ई नी फड़फड़ाईज।

क्रिया का श्लिष्ट भाववाच्य रूप है और रूप सख्या (२) सकर्मक अर्थ प्रयुक्त रूप का श्लिष्ट भाववाच्य (अथवा कर्मवाच्य) रूप।

कुछ क्रियाओं के अकर्मक वाच्य में दो-दो रूप उपलब्ध होते हैं, परन्तु उनका श्लिष्ट भाववाच्य रूप एक ही उपलब्ध होता है।

अकर्मक वाच्य द्विरूपीय	श्लिष्ट भाववाच्य
टकरणो~टकरावणो	टकरीजणो
चकरणो~चकरावणो	चकरीजणो

घवराणो~घवरावणो का श्लिष्ट भाववाच्य रूप घवरीजणो होता है। इसी प्रकार लेवणो, देवणो आदि का श्लिष्ट भाववाच्य रूप भी क्रमश लिरीजणो, दिरीजणो आदि होता है।

६ ११२ जा— भाववाच्य रूपों में केवल जावणो क्रियाप्रकृति के पूर्णतावाचक कृदन्त जायो से जायो जावणो रूप निर्मित होता है। अन्य क्रियाओं के पूर्णतावाचक कृदन्त रूपों में ऐसा भेद नहीं होता।

जा— भाववाच्य रूपों में सकर्मक और प्रेरणार्थक क्रियाप्रकृतियों के पूर्णतावाचक कृदन्त रूपों में मूल वाक्यों के कर्मानुसार लिंग-वचन का अन्वय होता है। यथा

देखियो जावणो (पुल्लिंग, एक वचन)
देखिया जावणो (पुल्लिंग, बहुवचन)
देखी जावणो (स्त्रीलिंग, एक/बहुवचन)

कर्मस्थानीय संज्ञा के साथ नैं परसर्ग की अवस्थिति होने पर भी संज्ञा और जा— भाववाच्य क्रियारूप में अन्वय विद्यमान रहता है (११५)।

(११५) इण भगती रो तो वो परताप है कै भाटै में जीव घालियो जा सकै, भाखरा नैं हवा में उडाया जा सकै अर अथाग समुन्दरा नैं पलक में सुखाया जा सकै।

६ ११३ श्लिष्ट भाववाच्य और जा— भाववाच्य क्रियाओं के समापिका क्रिया रूप सामान्य क्रियाओं के समान ही निर्मित होते हैं। अकर्मक क्रियाओं से निर्मित भाववाच्य रूपों में अन्वय नहीं होता अर्थात् समस्त रूप पुल्लिंग एक वचन में ही अवस्थित होते हैं। जा— भाववाच्य रूपों में समापिका क्रिया जावणो क्रिया के साथ सलग्नित होते हैं।

६ ११४ कतिपय श्लिष्ट भाववाच्य क्रियाओं वाले वाक्यों के कर्तरि प्रयोग वाले प्रतिस्थानीय नहीं होते। ऐसे वाक्यों के जा— भाववाच्य रूप भाषा में उपलब्ध नहीं हैं। यथा वाक्य संख्या (११६) का कर्तरि प्रयोग प्रतिरूप होता है (११६क)।

(११६) पछै उण सू दौडीजै कोनी।

(११६क) पछै वो दौडै कोनी।

